

# हरिभूमि रायपुर भूमि

## आंखों में आंसू लिए खून से लिखी अर्जी





- समायोजन की मांग को लेकर नवा रायपुर में डटे बीएड शिक्षक
- न्याय की लगाई गुहार, अनदेखी पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बर्खास्त किए गए बीएड शिक्षकों ने गुरुवार को अपने खून से शासन-प्रशासन का चिट्ठी लिखी। शरीर से खून निकाले जाने के दौरान कई महिला शिक्षकों की आंखें नम हो आईं। धरना स्तर पर बैठे बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों में से 60 के शरीर से खून निकाला गया। निकाले गए इस खून से सभी ने खत लिखे। न्यायालय के आदेश के बाद नौकरी से निकाले गए बीएड शिक्षक पिछले 98वें दिनों से अपने समायोजन की मांग कर रहे हैं। कई तरह से धरना-प्रदर्शन कर चुकने के बाद अब उन्होंने अपने खून से खत लिखा है।

गौरतलब है कि प्रदेशभर के करीब 3 हजार बीएड प्रशिक्षित सहायक ▶▶|शेष पेज 13 पर



### राज्य सरकार के पास समायोजन का अधिकार

अपनी पीड़ा से शासन को अवगत कराने के इस अनूठे विरोध कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धरना स्थल पर एक साथ लामबंद शिक्षकों ने अपने अधिकारों, सेवा सुरक्षा और समायोजन की मांग को लेकर अपील की। धरना प्रदर्शन में शामिल बर्खास्त सहायक शिक्षकों ने यह स्पष्ट किया है कि वे केवल न्याय की मांग कर रहे हैं और सरकार के पास संवैधानिक अधिकार के रूप में उन्हें समायोजित करने का पूरा अधिकार है। आंदोलनकारी बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार उनके समायोजन की मांग को लेकर जल्द निर्णय नहीं लेती है, तो वे उग्र आंदोलन करने बाध्य होंगे।

### नौकरी के बदले नौकरी चाहिए, हमारी गलती क्या है?

बर्खास्त शिक्षकों ने इस दौरान कहा, 15 महीनों तक हमने नौकरी की है। चुनाव में भी ड्यूटी लगाई थी, नौकरी जाने से हम मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हैं। हमें नौकरी के बदले नौकरी चाहिए। सरकार से पूछना चाहते हैं कि क्या परीक्षा देना हमारी गलती थी? जब तक समायोजन नहीं किया जाता, तब आंदोलन जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाने अगले माह सुनवाई

**रायपुर**। शराब घोटाला मामले में जेल में बंद अनवर ढेबर, पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा के आवेदन पर डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाने के मामले में ईओडब्ल्यू की स्पेशल कोर्ट में 28 अप्रैल को सुनवाई होगी। ढेबर तथा टुटेजा ने आठ डिस्टलरी संचालकों तथा एफएल-10 ए कंपनियों को आरोपी बनाने कोर्ट में आवेदन पेश किया है। विशेष न्यायाधीश निधी शर्मा तिवारी का स्थानांतरण बिलासपुर हाईकोर्ट में होने के कारण सुनवाई की तिथि आगे बढ़ाई गई है।

### खड़े ट्रक से लोहे की तीन प्लेट चोरी, केस दर्ज

**रायपुर**। धरसींवा थाने की सिलतरा चौकी में एक ट्रक मालिक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ उनके खड़े ट्रक से 76 हजार रुपए कीमत की तीन नग लोहा प्लेट चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मंदिर हसौद निवासी अमरेंद्र कुमार ने लोहा प्लेट चोरी करने की शिकायत दर्ज कराई है। अमरेंद्र ने पुलिस को बताया कि उनका ट्रक ड्राइवर तथा खलासी अपने किसी दूसरे ट्रक का माल अनलोड कराने गए थे। इस दौरान धनेली नाला मोड़ के पास खड़े ट्रक से अज्ञात चोर लोहा प्लेट चोरी कर ले गए।

### स्कूल का ताला तोड़कर वाद्य यंत्र किए पार

**रायपुर**। तेलीबांधा थाने में एक निजी स्कूल के प्रिंसिपल ने अज्ञात चोर के खिलाफ स्कूल के अलग-अलग कमरों का ताला तोड़कर 10 हजार रुपए कीमत का इलेक्ट्रॉनिक गिटार तथा बेंजो चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। वाधवा स्कूल के प्रिंसिपल अरविंद शर्मा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। अरविंद ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर ने बुधवार-गुरुवार दरमियानी रात चोरी की घटना को अंजाम दिया है। स्कूल के प्रिंसिपल ने पुलिस को घटना का सीसीटीवी फूटेज सौंपा है।

### लेन-देन के विवाद पर मारपीट

**रायपुर**। टिकरापारा थाने में एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति के खिलाफ लेन-देन विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। संतोषी नगर निवासी जागेश्वर ठाकुर ने अजय तांडी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। जागेश्वर ने पुलिस को बताया कि उसने जमीन खरीदने आठ वर्ष पूर्व अजय को 60 हजार रुपए दिए थे, जिसकी उसने अब तक रजिस्ट्री नहीं कराई है। पैसे मांगने पर अजय ने जागेश्वर तथा उसकी पत्नी के साथ मारपीट की। घटना गुरुवार तड़के साढ़े पांच बजे की है।

नवीन अध्यक्ष, संदीप चुने गए उपाध्यक्ष

## रायपुर पंचायत भी भाजपा के खाते में, कड़ी सुरक्षा में चुनाव, पांच घंटे सील रहा कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो बार स्थगित होने के बाद जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए गुरुवार को चुनाव हुआ। इस चुनाव में भी भाजपा के सदस्य ही अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए। इनमें नवीन अग्रवाल अध्यक्ष और जोगी कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए संदीप यदु उपाध्यक्ष बने। भाजपा ने रणनीति के तहत एक सदस्य को पार्टी प्रवेश कराकर लीड हासिल की है। इधर चुनाव के दौरान कलेक्टोरेट एवं जिला पंचायत भवन का कार्यालय 5 घंटे तक सुरक्षा के घेरे में रहा।

हरिभूमि लाइव

कलेक्टोरेट एवं जिला पंचायत भवन जाने वाले सभी गेट पर ताला लगाकर बैरिकेड्स लगाकर पुलिस जवानों को तैनात किया गया था। कलेक्टोरेट के बाहर भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में पहुंचे थे, जिसके कारण गहमागहमी का माहौल रहा। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मतदान केंद्र तक जाने के लिए प्रदर्शन भी किया। इस कारण 5 घंटे तक कलेक्टोरेट में प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा जिला पंचायत सदस्यों को ही एंट्री दी गई।

अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद चुनाव की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से रेडक्रास भवन में शुरू हुई। इस चुनाव में शामिल ▶▶|शेष पेज 13 पर

**कलेक्टोरेट-जिला पंचायत भवन, सदस्यों के अलावा और किसी को नहीं मिली एंट्री**





रेडक्रास भवन में जिला पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद के लिए हुआ चुनाव

### अध्यक्ष से ज्यादा वोट उपाध्यक्ष को मिले

जिला पंचायत चुनाव के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में ऐसा पहली बार देखा गया है कि एक ही पार्टी से चुनाव लड़ रहे अध्यक्ष से ज्यादा उपाध्यक्ष प्रत्याशी के पक्ष में वोट पड़े हो। इस चुनाव में अध्यक्ष के पक्ष में कुल 9 वोट पड़े हैं, वहीं उपाध्यक्ष प्रत्याशी के पक्ष में 10 वोट पड़े हैं।

### 5 घंटे तक परेशान हुए आम लोग फरियादियों को भी लौटना पड़ा

इस चुनाव के कारण सुबह 10 बजे से दोपहर करीब 3 बजे तक कलेक्टोरेट के सभी मुख्य गेटों में ताला लगा दिया गया था, वहीं गेट के बाहर बेरिकेड्स लगाकर अंदर और बाहर दोनों तरफ पुलिस जवानों को तैनात किया गया था। चुनाव जरूर करीब डेढ़ घंटे तक चला, लेकिन कलेक्टोरेट में आम लोगों का प्रवेश 5 घंटे तक बंद रहा। इस कारण कलेक्टोरेट में अपना काम लेकर पहुंचने वाले लोगों के अलावा जनशिकायत केंद्र में शिकायत व समस्या लेकर पहुंचने वाले लोगों को बैरंग लौटना पड़ा।

### ट्रैफिक जाम लगा रहा

मल्टीलेवल पार्किंग के सामने से लेकर सिग्नल चौक तक मार्ग पर सड़कों पर गाड़ियों के पार्क किए जाने और कार्यकर्ताओं की भीड़ के कारण यहां चुनाव खत्म होने तक आवागमन भी प्रभावित रहा। जाम लगने से आम लोगों को इस मार्ग से गाड़ियां निकालने में परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### नवीन अग्रवाल ने वतन चंद्राकर को 2 वोट से हराया

भाजपा से अध्यक्ष पद के लिए नवीन अग्रवाल और कांग्रेस से वतन चंद्राकर ने नामांकन भरा। चुनाव में सभी 16 सदस्यों ने वोट किया। इनमें नवीन अग्रवाल को 9 वोट पड़े, वहीं वतन चंद्राकर को 7 वोट पड़े। इस तरह भाजपा प्रत्याशी कांग्रेस प्रत्याशी को 2 वोट से हराकर अध्यक्ष पद के लिए चुने गए।

### संदीप यदु को मिले 10 वोट, यशवंत को 4 वोट से दी मात

इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा से संदीप यदु और कांग्रेस से यशवंत साहू ने नामांकन भरा। संदीप यदु जोगी कांग्रेस पार्टी से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव जीता है। जिला पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद का चुनाव होने के ठीक दो दिन पहले ही भाजपा में शामिल हो गए। इसके बाद पार्टी ने चुनाव में उन्हें उपाध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाकर उतारा। इस चुनाव में उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी यशवंत साहू को 4 वोट से पराजित किया।

## प्रवेश परीक्षा के 700 रुपए वसूलेगा रविवि, अब तक निशुल्क थे एंट्रेस एग्जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छात्रहित में काम करने का दावा करने वाला रविवि अब प्रवेश परीक्षा के पंजीयन के लिए 700 रुपए वसूलेगा। इसके लिए अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा की व्यवस्था किए जाने के बाद यह पहली बार है, जब रविवि छात्रों से एंट्रेस एग्जाम के लिए इतनी बड़ी राशि लेने जा रहा है। रविवि अध्ययनशाला में संचालित पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीयन 25 मार्च से प्रारंभ हो रहा है। छात्र 25 अप्रैल तक इसके लिए आवेदन कर सकेंगे। प्रवेश परीक्षा 15 से 18 मई के मध्य आयोजित की ▶▶|शेष पेज 13 पर

- शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए अधिसूचना जारी, जल्दबाजी पर छात्र हैरान

### इस तरह बदली व्यवस्था

रविवि द्वारा पूर्व में ऑफलाइन मोड में प्रवेश परीक्षाएं ली जाती थीं। छात्रों को निर्धारित राशि देकर विवि का प्रॉस्पेक्टस खरीदना पड़ता था। प्रवेश परीक्षा शुल्क उनसे नहीं लिया जाता था। प्रॉस्पेक्टस शुल्क भी इतना अधिक नहीं था। शैक्षणिक सत्र 2020-21 में विवि के पूर्व कुलसचिव प्रो.गिरीशकांत पांडेय के कार्यकाल में रविवि ने ऑफलाइन परीक्षाएं बंदकर ऑनलाइन प्रवेश परीक्षाएं प्रारंभ की थी। अभी भी प्रवेश परीक्षाएं ▶▶|शेष पेज 13 पर

### परीक्षा दिलाएं या पंजीयन फॉर्म भरें?

पंजीयन शुल्क के अलावा छात्रों को जो बात हैरान कर रही है वो विश्वविद्यालय द्वारा की जा रही जल्दबाजी है। छात्रों का कहना है कि पंजीयन के लिए जो अवधि विश्वविद्यालय द्वारा तय की गई है, उस दौरान स्नातक स्तर पर परीक्षाएं चल रही होती हैं। ऐसे में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए पंजीयन कराएं अथवा पढ़ाई करें? वहीं बारहवीं कक्षा की परीक्षाएं भी चल रही हैं। विवि के ▶▶|शेष पेज 13 पर

## ट्रेन में 45 वर्ष से अधिक उम्र की महिला, वरिष्ठ नागरिकों समेत दिव्यांग को मिलेगी निचली बर्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय रेलवे में अब महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगों का सफर पहले से और भी आरामदायक होगा, क्योंकि अब रेलवे बोर्ड ने इन यात्रियों के लिए लोवर बर्थ यानी निचली सीट उपलब्ध कराने के लिए विशेष व्यवस्था बनाई है। लोकसभा में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी दै। नई योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और गर्भवती महिलाओं के लिए बर्थ, 45 वर्ष और उससे अधिक उम्र की महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को, यदि वे बर्थ के बारे में कोई विशेष चयन नहीं करते हैं, तो स्वचालित रूप से निचला बर्थ आवंटित की जाती है, बशर्ते कि उपलब्धता हो। निचली बर्थ के लिए आरक्षित कोटा होगा, जिसके तहत स्लीपर क्लास में प्रति कोच 6-7 निचली बर्थ, एसी में प्रति कोच 4-5 निचली बर्थ, टू एसी में प्रति कोच 3-4 निचली बर्थ होगी।

- राजधानी और शताब्दी जैसी ट्रेनों सहित सभी मेल एक्सप्रेस ट्रेनों में आरक्षण कोटा का प्रावधान

खास खबर

**कोच की संख्या के आधार पर लागू:** यह प्रावधान ट्रेनों में कोच की संख्या के आधार पर लागू किया जाता है, ताकि यात्रियों को अधिकतम सुविधा मिल सके। रेल मंत्री मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि विकलांग व्यक्तियों के लिए आरक्षण दिया जायेगा, जिसके तहत सभी मेल ▶▶|शेष पेज 13 पर

### आरामदायक यात्रा के लिए उठाया गया कदम

भारतीय रेलवे इन समावेशी उपायों के माध्यम से यात्रियों को एक सहज और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यात्रियों को इन सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि वे सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा कर सकें। यात्रा के दौरान निचली बर्थों का पुनः आवंटन होगा। इसके तहत यात्रा के दौरान यदि कोई निचली बर्थ खाली रहती है, तो उन बर्थों को वरिष्ठ नागरिकों, विकलांग व्यक्तियों और गर्भवती महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर आवंटित किया जाता है, जिनको पहले मिडिल या अपर बर्थ आवंटित की गई हो।

## बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी कराएगी बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मार्च में ही अप्रैल जैसी गर्मी का सामना कर रहे लोगों को थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। उन्हें यह राहत बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी दिलाएगी। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से काफी मात्रा में नमी का आगमन हो रहा है। इसके कारण प्रदेश के मध्य छत्तीसगढ़ के जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ेंगे। अंधड़ चलले और वज्रपात की आशंका भी जताई गई है। वर्षा संबंधित ये गतिविधियां शुक्रवार और शनिवार को संभावित है। इसके बाद इसमें कमी आएगी। बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और उसके प्रभाव से होने वाली बारिश के कारण अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट संभावित है।



### 38.8 डिग्री के साथ दुर्ग सर्वाधिक गर्म

राजधानी में दोपहर में लोगों को चुभन भरी धूप और गर्मी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन प्रदेश में सर्वाधिक गर्म दुर्ग है। यहां गुरुवार को अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री दर्ज हुआ। सबसे कम तापमान अंबिकापुर में 18.7 डिग्री रहा। रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 2.2 डिग्री अधिक 38 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.1 डिग्री अधिक 25.6 डिग्री रहा। रायपुर में आज आसमान आंशिक मेघमय रहेगा। तेज हवा के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। रायपुर के अलावा पूरे प्रदेश में 21 व 22 मार्च को मेघ गर्जन, तेज हवा और ओलावृष्टि का पूर्वानुमान मौसम विभाग द्वारा जारी किया गया है।


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411


एचडीएफसी बैंक के ऑपरेशनल मैनेजर पर 83 लाख रुपए ट्रांसफर कराने का आरोप

## सट्टे की रकम ट्रांजेक्शन कराने के आरोप में बैंक का ऑपरेशनल मैनेजर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



देवेंद्र नगर ब्रांच के एचडीएफसी बैंक के तत्कालीन ऑपरेशनल मैनेजर नितिन देवांगन को पुलिस ने गलत तरीके से सट्टे की रकम ट्रांसफर करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। नितिन को पुलिस ने जगदलपुर से गिरफ्तार किया है। ऑपरेशनल मैनेजर पर वर्ष 2020 से 2023 के बीच फर्जीवाड़ा करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार नितिन ▶▶|शेष पेज 13 पर

### बैंक कर्मियों की मदद से खोले जा रहे म्यूल अकाउंट

ठगी सहित सट्टे की रकम को व्हाइट मनी में तब्दील कर दूसरी जगह भेजने राजधानी सहित राज्य के कई शहरों में बड़े पैमाने पर म्यूल अकाउंट खोले गए हैं। म्यूल अकाउंट खोलने बैंक कर्मियों की बड़ी भूमिका है। इस ▶▶|शेष पेज 13 पर




## खबर संक्षेप



### नेवरा पुलिस थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**तिल्दा नेवरा।** रमजान के पर्व को देखते हुए गुरुवार शाम पुलिस थाना में शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में मुस्लिम समुदाय के गणमान्य नागरिक, राइस मिलर्स, ट्रांसपोर्टर, सहित गणमान्य नागरिक गण उपस्थित हुए। बैठक में थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम ने रमजान पर्व शांतिपूर्वक मनाने, रैली जुलूस भी शांति पूर्वक निकलने मुस्लिम जमात से आग्रह किए। साथ ही राइस मिलर्स और ट्रांसपोर्टरो को भी संबोधित कर गाड़ियों में ड्राइवरों की पूरी जानकारी रखने, वाहनों को इधर उधर बीच सड़क में नहीं खड़ी कराने सहित कई अन्य बिंदुओं पर आवश्यक चर्चा की गई।

### करमंदी में 23 से 26 तक होगा रामायण समारोह

**आरंग।** ग्राम करमंदी (समोदा) में 23 से 26 मार्च तक त्रि–दिवसीय रामायण समारोह का आयोजन रखा गया है। जिसमें सभी मानस मंडली को प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जायेगा। रामायण समिति के संचालक सोहन लाल देवांगन ने अधिक संख्या में मानस मंडलियों को आने का निवेदन किया है।

### खंडवा में मानसगान फाग उत्सव कल से

**अभनपुर।** ग्राम पंचायत खंडवा जंगल सफारी में होली एवं चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्रामवासियों के सहयोग से द्वि दिवसीय श्री रामधुनी, सुवा नृत्य, सत्संग, मानसगान एवं फाग उत्सव का आयोजन 22 एवं 23 मार्च को रखा गया है। उत्सव में ख्याति प्राप्त मंडलियों द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। उक्त जानकारी हरिराम पटेल द्वारा प्रदान की गई है।

### बिहार दिवस पर होंगे कई कार्यक्रम

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी 22 मार्च को पूरे देश में बिहार दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विचार के अनुरूप स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने बताया, छत्तीसगढ़ के पांच से छह जिलों में यह कार्यक्रम रखा जाएगा। भिलाई में 22 मार्च को सुबह 11 बजे और राजधानी रायपुर में उसी दिन यह कार्यक्रम शाम 5 बजे होगा। श्री श्रीवास्तव ने बताया, इन कार्यक्रमों में भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी भारी संख्या में शिरकत करेंगे।

### नाना साहब गोरे पर विशेष आवरण का लोकार्पण आज

**रायपुर।** स्व. भानुराव (नाना साहब) गोरे के जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर भारतीय डाक विभाग, छत्तीसगढ़ परिमंडल की ओर से नाना साहब पर विशेष आवरण का लोकार्पण किया जाएगा। यह कार्यक्रम चौबे कॉलानी स्थित महाराष्ट्र मंडल भवन में 21 मार्च को शाम 6 बजे प्रारंभ होगा।

## सत्ता पक्ष के विधायक ने महिला बाल विकास मंत्री को घेरा

# दिव्यांगों के लिए पद का चिन्हांकन 9 साल में नहीं हुआ स्पीकर ने सीएस को 6 माह में करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर







विधानसभा में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के तहत पदों के चिन्हांकन का मुद्दा गूंजा। भाजपा विधायक प्रबोध मिंज ने महिला बाल विकास मंत्री से पूछा कि दिव्यांगजनों के पदों का चिन्हांकन संवर्गवार कब तक कर लिया जायेगा। जवाब में महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 1995 के तहत दिव्यांगजनों के पदों का चिन्हांकन 2014 में किया गया था। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत जो पदों का चिन्हांकन किया जाना था, वो प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हुई है। मंत्री ने बताया कि 21 प्रकार के दिव्यांगजन के लिए पदों का चिन्हांकन किया जायेगा। कुछ विभागों से जानकारी आनी बाकी है, जिसके बाद प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। अभी 24 विभाग का जवाब आया है, जबकि 26 विभागों से जवाब आना है। भाजपा विधायक प्रबोध मिंज ने आपत्ति जताते हुए कहा, 9 साल होने के बाद भी अभी तक पदों का चिन्हांकन नहीं किया गया है। ये दिव्यांगजनों के अधिकार का हनन है। विधायक की आपत्ति पर मंत्री ने कहा, किसी भी प्रक्रिया को पूरा करने में समय लगता है। आधे से अधिक विभागों से जानकारी आ चुकी है। जल्द से सभी विभागों से जानकारी प्राप्त होने पर कार्य पूर्ण किया जाएगा। प्रबोध मिंज के सवाल पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, 9 साल से प्रक्रिया ही चल रही है, पद चिन्हांकित भी नहीं हो सका है। विभाग को दिव्यांगजनों के संबंध में संवेदनशील होना चाहिए। विभाग समय-सीमा निर्धारित करें जिसमें प्रक्रिया पूरी हो सके। छत्तीसगढ़ में दिव्यांग जनों के लिए नौ वर्ष बाद भी पद चिन्हित न होने को लेकर समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े पक्ष विपक्ष के विधायकों के सवालों से घिरी रहीं।

### पालना योजना के संचालन पर उठे सवाल, मंत्री उलझ गईं, तब स्पीकर ने संभाली स्थिति



विधानसभा में बिना राशि के पालना योजना के संचालन को लेकर कांग्रेस विधायकों ने सवाल उठाया। महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े इसका जवाब नहीं दे पाईं और उलझ गईं। यह देख स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने स्थिति संभाली और मंत्री से कहा, पूरी जानकारी विभाग से लेकर सदस्यों को उपलब्ध कराएं। प्रश्न काल में कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी ने वर्ष 2024-25 में पालना योजना के लिए राशि का प्रावधान न करने के क्या कारण हैं। 15 फरवरी तक केंद्रांश और राज्यांश दोनों ही शून्य बताया गया है, तो 175 पालना घर संचालन कैसे और किस मद से हो रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा, 25 फरवरी के बाद राशि 4.82 करोड़ रुपए मिले हैं। फिर इस पर वित्त विभाग ने अनुमति नहीं दी थी, अब संचालन के लिए रिलीज कर दिए गए हैं।

**विपक्ष का आरोप- योजना का संचालन ही नहीं हुआ**

कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने इस मुद्दे पर कहा, 15 फरवरी तक कोई राशि व्यय नहीं की गई यानी साल भर तक योजना चली ही नहीं । मगर मंत्री कह रही हैं योजना संचालित है। मंत्री ने बताया कि एसएनसी मॉडल में तकनीकी दिक्कत के कारण राशि कुछ समय तक रूका था। अब 31 मार्च तक खर्च करेंगे।

## विधायक खुशवंत के प्रयासों से क्षेत्र को मिली बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

- 4.82 करोड़ की लागत से भोथली–नहरपारा–फरफौद सड़क निर्माण को मिली स्वीकृति

आरंग विधानसभा के विकास को एक नई दिशा प्रदान करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने ग्राम पंचायत भोथली से नहरपारा होते हुए फरफौद तक सड़क निर्माण कार्य को बजट में शामिल किया है। इस कार्य के लिए 4.82 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। यह महत्वपूर्ण परियोजना आरंग विधायक एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण (कैबिनेट मंत्री दर्जा) गुरु खुशवंत साहेब के सतत प्रयासों एवं दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, लोक निर्माण मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव का हृदय से आभार व्यक्त किया है। गुरु खुशवंत साहेब ने कहा आरंग विधानसभा के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मैं निरंतर प्रयासरत हूं। इस सड़क निर्माण से ग्रामीण जनता को सुगम परिवहन सुविधा मिलेगी, व्यापार एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और जीवन स्तर में सुधार आएगा। यह सड़क हजारों लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बनाई जा रही है, जिससे न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। मैं प्रदेश सरकार का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने जनता की इस महत्वपूर्ण आवश्यकता को प्राथमिकता दी और इसे बजट में शामिल कर स्वीकृति प्रदान की।

गुरु खुशवंत साहेब ने आश्वस्त किया कि वे भविष्य में भी आरंग विधानसभा के चहुंमुखी विकास हेतु सतत प्रयासरत रहेंगे और क्षेत्र की जनता को हर संभव सुविधा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। उनके प्रयासों से विधानसभा में लगातार सड़क, जल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। आरंग विधानसभा के ऐतिहासिक विकास कार्योंर् को देखते हुए क्षेत्र की जनता अब गुरु खुशवंत साहेब को विकास पुरुष के नाम से संबोधित कर रही है। उनके नेतृत्व में विधानसभा में कई महत्वपूर्ण योजनाएं पूरी की जा रही हैं और आने वाले समय में और भी बड़े कार्य पूरे किए जाएंगे।



## एनसीसी कैडेटों का लखौली रींवा में स्वच्छता अभियान

**आरंग।** 27 बटालियन एन.सी.सी द्वारा स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत सामाजिक सेवा और सामुदायिक विकास को प्रोत्साहित करने हेतु एन.सी.सी केन्द्र लखौली एवं रीवा में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एन.सी.सी के कैडेट द्वारा सार्वजनिक स्थलों, मंदिर एवं उद्यान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में कमान अधिकारी कर्नल सौरभ कुमार की अहम भूमिका रही। उन्होने छात्र–छात्रओं एवं उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने एवं स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। शासकीय महाविद्यालय आरंग के 22 कैडेट सहित कुल 110 कैडेट एवं ग्रामीणों के सहयोग से यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कमान अधिकारी कर्नल सौरभ कुमार के अलावा प्रशासनिक अधिकारी ले. कर्नल प्रदीप कुमार, कैप्टन अविनाश सिंह, सुबेदार केशव दत्त एवं अन्य पी.आई. स्टॉफ की उपस्थिति रही।

## धान शार्टेज होने पर प्रबंधकों पर कार्रवाई अन्याय : पारसानाथ



**आरंग।** धान खरीदी केन्द्रों मे भारी शार्टेज को देखते हुए राज्य सरकार ने प्रबंधकों से वसूली करने अन्यथा पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश जारी किया है, इससे प्रबंधकगण प्रताड़ित हो रहे हैं।

ज्ञात हो कि हर धान उपार्जन केन्द्रों मे धान की सूखत राशि 08 लाख से लेकर 25 लाख तक पहुंच सकता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार अकेले रायपुर जिले में 12 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है, जिसमें आरंग विकासखंड के खरीदी केन्द्रों में सबसे ज्यादा सूखत मिल रहा है। किसान नेता पारसनाथ साहू ने कहा कि शासन द्वारा धान खरीदी समिति प्रबंधकों को सम्मानित करने के बजाय प्रताड़ित किया जा रहा है, जो विषम परिस्थितियों का सामना कर सबसे बड़ा कार्य कर रहे हैं। गलती शासन–प्रशासन की है वे सूखत को शार्टेज बताकर समितियों की गलती बता रहे हैं। धान खरीदी के बाद 72 घंटे में उठाने की नीति स्वयं बदलना, राईस मिलर्स की मांगों का समय पर निराकरण नहीं किया जाना, संग्रहण केन्द्रों की पुरानी व्यवस्था लागू करना सरकार की कमजोरी है।

## बोर खनन पर विधायक का सरपंच ने माना आभार



**मंदिर हसौद।** गुरु अमर दास बाराडेरा के पास स्थित ग्राम पंचायत सकरी में गर्मी में पानी की बढ़ती समस्या को देखते हुए धरसीवां विधायक अनुज शर्मा के सहयोग से सरपंच सोनल प्रशांत कुर्रे एवं पी एच यू विभाग द्वारा आंगनबाड़ी क्रमांक 2 के पास बोर खनन किया जिससे ग्रामवासीयो को हो रही की पानी की किल्लत से निजात मिलेगा जहां पानी की समस्या दूर होने से माताओ बहनो में ख़ुशी का लहर दिखा.वही सर्वप्रथम सरपंच प्रतिनिधि प्रशांत कुर्रे उप सरपंच पूर्णिमा श्याम सिंहा पंच गण महेंद्र गेन्द्रे श्याम गेंद्रे लकी दिवाकर प्रीति रात्रे जीत गेन्द्रे. विजय जांगड़े. मनोज टंडन जागेश्वर कुर्रे केवल बारले तमल गेंद्रे सजनी लहरे कमलेश धनेश्वरी सुकलु नरेंद्र लहरें अलेन नोहर ईश्वर उमेश लोमेश ध्रुव. नंद किशोर पाल .घनश्याम पाल. संतरा डहरिया नील कंठ निषाद मुकेश पाल.नंदनी ध्रुव आदि पंच एवं ग्रामीण की उपस्थित में धरती और गंगा मैया की आरती वंदना कर बोर खनन शुभारंभ किया जहां वही सरपंच और ग्राम वासियों ने क्षेत्रीय विधायक का आभार व्यक्त किया।

## मंदिर हसौद में लोक कला एवं फाग महोत्सव 29 को

**मंदिर हसौद।** राजधानी के पास स्थित नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद में 29 मार्च को लोककला फाग महोत्सव एवं होली मिलन समारोह दुर्गा चौक मंदिर हसौद में रखा गया है। जिसमें 29 मार्च शनिवार शाम 6:00 बजे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया जायेगा। जहां मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर लोकसभा, अध्यक्षता गुरु खुशवंत साहेब विधायक आरंग विशिष्ट तिथि नवीन मार्कंडेय संजय ढीढी पूर्व विधायक, श्याम नारंग जिला अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण भाजपा, गोपाल चतुर्वेदी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद गोपाल वर्मा, मंडल अध्यक्ष मंदिर हसौद कृष्ण वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मंदिर हसौद राम जी वर्मा, पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष भाजपा नरसिंह अग्रवाल, पूर्व जनपद सदस्य धनमत गायकवाड़, पूर्व सरपंच शोभित साहू, ओम प्रकाश यादव, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद संदीप जोशी, अविनाश अग्रवाल, बलवंत यादव, व समस्त नगर पालिका पार्षद गण मंदिर हसौद। वहीं कार्यक्रम को लेकर संरक्षक बल्ला यादव, संचालक अशोक वर्मा, अध्यक्ष राघवेंद्र दास, उपाध्यक्ष रुपेश वर्मा, सचिव ओम प्रकाश वर्मा, कोषाध्यक्ष राजेंद्र वर्मा व अन्य कार्यकर्ता गण तैयारी में जुटे हुए हैं।

## तिल्दा कोहका मार्ग पर ट्रक व स्कूटी में भिड़ंत, एक की मौत, एक घायल

तिल्दा नेवरा tld 01 फोटो



तिल्दा नेवरा। तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र के तिल्दा से ग्राम कोहका जाने वाले रास्ते में पेट्रोल पंप के पास ट्रक क्रमांक सीजी 04 एम वाय 1496 और स्कूटी क्रमांक सी जी 06 सी क्यू 1310 के बीच एक्सीडेंट होने से स्कूटी सवार एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। वहीं एक घायल हो गया जिसे तत्काल पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में इलाज के लिए भेजा गया जहां से उसे गंभीर हालत में रायपुर रिफर किया गया जहां सूत्रों ने बताया कि उसकी भी मृत्यु हो गई। नेवरा पुलिस ने बताया कि मृतक राजेश टंडन पिता स्व संतन टंडन उम्र 37 वर्ष ग्राम जेवरा बेमेतरा हाल पता भैरवगढ़ धाम तिल्दा नेवरा निवासी स्कूटी में अपने साथ तोपचंद नवरंगे के साथ तिल्दा से रोशन फूड्स कम्पनी देवरी घुलघुल जा रहे थे तभी कोहका की तरफ से आ रही उक्त ट्रक के सामने आ गए जिससे यह घटना हुई। घटना स्थल पर ही राजेश की मौत हो गई व तोपचंद बुरी तरह से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर भेजा गया जहां विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि उसकी भी मृत्यु हो गई। नेवरा पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और जांच कर रही है।

## चंद्राकर समाज का हुआ होली मिलन



**आरंग।** चंद्राकर भवन आरंग में नगर के चंद्राकर समाज का होली मिलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। रामचंद्र जी की पूजा आरती के पश्चात नगाड़ों की थाप के बीच होली मिलन कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम के बीच में समाज में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले रमेश चंद्राकर, स्व. शीत चंद्राकर, खेदूराम चंद्राकर एवं फागूराम चंद्राकर का सपरिवार शाल श्रीफल मोमेंटो एवं भगवान राम के चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के बीच में नहीं रहे दो सदस्यों नंदकुमार चंद्राकर एवं चंद्रिका प्रसाद चंद्राकर को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष मनोज चंद्राकर, उपाध्यक्ष अश्वनी चंद्राकर, अशोक चंद्राकर, सचिव दिनेश चंद्राकर, कोषाध्यक्ष संतोष चंद्राकर, सहसचिव बसंत चंद्राकर, मिंटू चंद्राकर, पप्पू चंद्राकर, नरेंद्र चंद्राकर, संरक्षकगण चंद्रशेखर चंद्राकर, रमेश चंद्राकर, के.के. चंद्राकर, गोपाल चंद्राकर, रामधन चंद्राकर, के.के. भारद्वाज, दिलीप चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, रूपेंद्र चंद्राकर, संध्या चंद्राकर, चंद्रकला चंद्राकर, रुक्मणी चंद्राकर, नंदिनी चंद्राकर, किरण चंद्राकर, सुधा चंद्राकर, कालिंदी चंद्राकर आदि शामिल थे।

### सब्जी बाजार के लिए विधायक एवं पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन

**आरंग।** नगर के प्रमुख समस्याओं में एक सब्जी बाजार भी शामिल है। जिनका निराकरण अब तक 25 वर्षोंर् में नहीं किया जा सका है। शासन कांग्रेस का हो या भाजपा का जो भी विधायक निर्वाचित हुए हैं सभी ने यहां की जनता को सिर्फ आश्वासन देने का काम ही किया है और इसी आश्वासन के चलते अपना 5 वर्ष के कार्यकाल को पूरा भी किया है लेकिन समस्या हल करें दिशा में कोई विशेष प्रयास अब तक नहीं किया जा सका है। सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष विट्ठल साहू ने एक बार फिर सब्जी बाजार की समस्या के स्थाई हल के लिए स्थानीय विधायक गुरु खुशवंत साहेब को लगातार ज्ञापन देने के बाद भाजपा से निर्वाचित नए नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संदीप जैन को उनके कार्यालय में जाकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होने भंडारी सब्जी बाजार को सर्व सुविधा युक्त सब्जी बाजार बनाए जाने एवं शहर के फैलाव को देखते हुए सर्वे कर चार दिशाओं में भी छोटी–छोटी सब्जी बाजार स्थापित किए जाने की मांग की है।

## उद्योगों की मनमानी व शराब बिक्री का मुद्दा विस में अनुज ने उठाया



**धरसींवा।** विधानसभा धरसींवा के मुखर विधायक श्री अनुज शर्मा इस बार विधान सभा मे जनहित की मुद्दों पर प्रश्न की झड़ी लगा दी जिसमे सरकार के मंत्री घिरते नजर आए जिसमे प्रमुख रूप से उद्योग के प्रदूषण,फ्लाई एस सहित पुल पुलियो पर गुणवत्ता व लेटलतीफी व पूरे प्रदेश में हो रहे अवैध शराब की बिक्री पर सरकार को घेरे। धरसींवा विधायक श्री अनुज शर्मा ने प्रश्नकाल के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव से ब्लाक मुख्यालय से लगे हुए कोल्हान नाले पर ग्राम अकोली एवं पंडरभट्ठा के बीच निर्माणाधीन पुल का कार्य किस निर्माण ऐजेंसी ठेकेदार को कितनी राशि में कब और कितनी समय सीमा में पूर्ण करने हेतु अनुबंधित किया गया था? क्या निर्माण ऐजेंसी ठेकेदार द्वारा निर्धारित समय में तय कार्य पूर्ण कर लिया गया है? यदि हां तो कितना और यदि नहीं तो प्रश्नांक दिनांक तक निर्माण ऐजेंसी ठेकेदार को कितने प्रतिशत कार्य के एवज में विभाग द्वारा कितनी राशि का भुगतान किया जा चुका है।

### उद्योगों की मनमानी पर आपदा प्रबंधन मंत्री घिरे

विधायक अनुज शर्मा ने राजस्व मंत्री श्री टँक राम वर्मा को विधानसभा सत्र दिसम्बर 2024 के दौरान ध्यानाकर्षण सूचना 67 के जवाब में राजस्व मंत्री के वक्तव्य के माध्यम से जायसवाल निको इण्डस्ट्रीज लिमी. के द्वारा ग्राम पंचायत गिरौद मंळे अनाधिकृत रूप से कोटवारी भूमी खसरा नं 105/14 रकबा 2.351 हेक्टेयर नाम मनहरण पिता फिरंतादास मानिकपुरी एवं खसरा नं 105/15 रकबा 2.214 हेक्टेयर नाम मंगलदास वांधे पिता इतवारी बांधे को अपने घेरे के अंदर समाहित करने तथा राज्य शासन द्वारा नियमानुसार कार्यवाही किये जाने की सूचना प्राप्त हुई।

## भाजपा नेताओं ने गाया फाग गीत, रंग गुलाल से हुए सराबोर

# अनुज के होली मिलन में बरसे गुलाल, मंत्री टंकराम व गौरीशंकर अग्रवाल ने गाए फाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा





विधायक अनुज शर्मा ने शीतल बाड़ी में कार्यकर्ताओं के लिए एक शानदार होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए. होली मिलन समारोह हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आयोजित किया गया. इस अवसर पर मंत्री टँक राम वर्मा, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष श्री गौरी शंकर अग्रवाल सहित कई दिग्गज भाजपा नेताओं ने फाग गीत गा कर रंग गुलाल से सराबोर हुए।

समारोह की शुरुआत गुलाल और फूलों की होली से हुई. मेहमानों का स्वागत अबीर-गुलाल लगाकर किया गया, जिसके बाद पारंपरिक लोकगीतों और ढोल-नगाड़ों की धुनों पर माहौल रंगीन हो उठा. मौके पर कलाकारों और संगीत प्रेमियों ने एक से बढ़कर एक होली गीत प्रस्तुत किये, फाग गीतों ने सबका मन मोह लिया. मौके पर विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि होली मेलजोल और सौहार्द का पर्व है।

### राजस्व मंत्री के गीतों में झूमे कार्यकर्ता

बता दे कि राजस्व मंत्री श्री टँक राम वर्मा ने सभा मे पहुचते ही अपने चित्त परिचित अंदाज में होली गीत गाए जिसमे श्री वर्मा ने मुख मुरली बजाए,छोटे से श्याम कन्हैया गीत की मधुर प्रस्तुति दी। विधायक अनुज शर्मा ने का तैं मोला मोहिनी डाल दिये रे और रंग बरसे गीत गाकर समां बांध दिया। वही कार्यक्रम में जस गीत सम्राट श्री दिलीप षड़ंगी ने फागुन मस्त महीना और चना के डार राजा गीत गुनगुनाया साथ ही माता जसगीत भी गुनगुनाये।

### इनकी भी रही उपस्थिति

छगन मुंदड़ा,मण्डल अध्यक्ष सुनील शर्मा,पूर्व मण्डल अध्यक्ष भरत सोनी,पूर्व मण्डल अध्यक्ष डाक्टर के के वर्मा, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती रुखमनी शिवारे, कौशल साहू,हेमंत वर्मा,चंद्रकांत साहू,अरविंदर ठाकुर,जनपद उपाध्यक्ष दिनेश खूंटे, शेखर वर्मा,सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

**शपथ पत्र**

मैं श्रीमती आकांक्षा पाण्डेय पति श्री अविनाश पाण्डेय, निवासी 207-ए, रिद्धी सिद्धी टॉवर, टेलिफोन नगर, इंदौर म.प्र. शपथपूर्वक सत्य कथन करती हूँ कि :-

1. मुझ शपथगृहिता का विवाह पूर्व नाम “आकांक्षा शर्मा पुत्री श्री संतोष शर्मा” निवासी - 125, ब्लॉक कॉलोनी, आरंग, रायपुर (छ.ग.) होकर मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं आधार कार्ड में भी मेरा नाम “आकांक्षा शर्मा पुत्री स्व. श्री संतोष शर्मा” है।
2 मेरा विवाह श्री अविनाश पाण्डेय पिता श्री राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय के साथ हिन्दू धर्म एवं प्रचलित रीति रिवाज अनुसार दिनांक 26 अप्रैल 2016 को 125, ब्लॉक कॉलोनी, आरंग, रायपुर (छ.ग.) में सम्पन्न हुआ है।
3. मेरे विवाह का प्रमाण पत्र पंजीयन क्रमांक 2019-01-001915 जारी किया गया है, जिसमें मेरा नाम “श्रीमती आकांक्षा पाण्डेय पुत्री श्री संतोष शर्मा” लिखा गया है जबकि मेरा विवाह पूर्व नाम “आकांक्षा शर्मा पुत्री श्री संतोष शर्मा” है।
4. मेरे विवाह प्रमाण पत्र में मुझ शपथगृहिता का नाम “श्रीमती आकांक्षा पाण्डेय पुत्री श्री संतोष शर्मा” के स्थान पर “आकांक्षा शर्मा पुत्री श्री संतोष शर्मा” किये जाने हेतु यह शपथ पत्र निष्पादित किया गया है।

**सत्यापन - लेख**

मैं शपथगृहिता एतद् द्वारा सत्यापित करती हूं कि उपरोक्त शपथ-पत्र में वर्णित चरण क्रमांक 1 से लगायत 4 तक में किया गया समस्त कथन सत्य एवं सही है इसमें कोई कथन असत्य नहीं लिखाया गया है एवं न ही सत्य को छुपाया गया है। यह शपथ-पत्र मैंने अपने हस्ताक्षर के साथ सत्यापित कर प्रमाणित किया ।

दिनांक : 22/02/2025

शपथगृहिता
आकांक्षा शर्मा

## सत्ता पक्ष के विधायक ने महिला एवं बाल विकास मंत्री को घेरा

# दिव्यांगों के लिए पद का चिन्हांकन 9 साल में नहीं हुआ स्पीकर ने सीएस को 6 माह में करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के तहत पदों के चिन्हांकन का मुद्दा गूंजा। भाजपा विधायक प्रबोध मिंज ने महिला बाल विकास मंत्री से पूछा कि दिव्यांगजनों के पदों का चिन्हांकन संवर्गवार कब तक कर लिया जायेगा। जवाब में महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 1995 के तहत दिव्यांगजनों के पदों का चिन्हांकन 2014 में किया गया था। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत जो पदों का चिन्हांकन किया जाना था, वो प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हुई है। मंत्री ने बताया कि 21 प्रकार के दिव्यांगजन के लिए पदों का चिन्हांकन किया जायेगा। कुछ विभागों से जानकारी आनी बाकी है, जिसके बाद प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। अभी 24 विभाग का जवाब आया है, जबकि 26 विभागों से जवाब आना है।







भाजपा विधायक प्रबोध मिंज ने आपत्ति जताते हुए कहा, 9 साल होने के बाद भी अभी तक पदों का चिन्हांकन नहीं किया गया है। ये दिव्यांगजनों के अधिकार का हनन है। विधायक की आपत्ति पर मंत्री ने कहा, किसी भी प्रक्रिया को पूरा करने में समय लगता है। आधे से अधिक विभागों से जानकारी आ चुकी है। जल्द से सभी विभागों से जानकारी प्राप्त होने पर कार्य पूर्ण किया जाएगा। प्रबोध मिंज के सवाल पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, 9 साल से प्रक्रिया ही चल रही है, पद चिन्हांकित भी नहीं हो सका है। विभाग को दिव्यांगजनों के संबंध में संवेदनशील होना चाहिए। विभाग समय-सीमा निर्धारित करें जिसमें प्रक्रिया पूरी हो सके। छत्तीसगढ़ में दिव्यांग जनों के लिए नौ वर्ष बाद भी पद चिन्हित न होने को लेकर समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े पक्ष विपक्ष के विधायकों के सवालों से घिरी रहीं। मंत्री से सटीक उत्तर न मिलते देख स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने कहा, दिव्यांगों के लिए कोई तो रास्ता निकालना चाहिए। मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि 6 माह के भीतर दिव्यांगों के पदों को चिन्हित करें।

### एक वर्ष में पूरा करना था काम

भाजपा के प्रबोध मिंज ने कहा, 2016 में दिव्यांग जन एक्ट के तहत पदों का चिन्हांकन एक वर्ष में किया जाना था? अब तक न होने के क्या कारण है? इस पर मंत्री राजवाड़े ने कहा, जब कोई एक्ट बनता है तो समय लगता है। इस पर मिंज ने कहा, इतने वर्ष से केवल चिन्हांकन ही चल रहा है। इसके अभाव में न दिव्यांगों की भर्ती हो रही न पदोन्नति। इस ढिलाई पर अफसरों पर कोई कार्रवाई करेंगे। मंत्री राजवाड़े ने कहा, 2016 से प्रक्रिया चल रही है। भर्ती और पदोन्नति के पद चिन्हित करने विभागों से अभिमत मांगा गया है।

### दिव्यांगों के साथ धोखा : महंत



नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने इस मौके पर कहा, यह दिव्यांगों के साथ धोखा है। अमानवीय व्यवहार है, इसके लिए सजा निर्धारित करना चाहिए। 9 वर्ष से पद चिन्हित प्रक्रिया चलना पचने वाली बात नहीं है। उन्होंने प्रश्न किया कि प्रदेश में बैकलाग पदों की पूर्ति के लिए विशेष अभियान चलाने 31 मई 24 को परिपत्र जारी किया था। मंत्री राजवाड़े निरूत्तरित रहीं। श्री मिंज ने पद चिन्हांकन कि समय सीमा तय करने की घोषणा करने की मांग की। मंत्री इस पर निरूत्तर रहीं। तब स्पीकर डॉ. सिंह ने कहा कि दिव्यांगों के लिए कोई तो रास्ता निकालना चाहिए। उन्होंने इस पर अधिकारियों से कहा, सीएस को इस पर 6 माह में निर्णय लेना चाहिए।

## पालना योजना के संचालन पर उठे सवाल, मंत्री उलझ गईं, तब स्पीकर ने संभाली स्थिति

विधानसभा में बिना राशि के पालना योजना के संचालन को लेकर कांग्रेस विधायकों ने सवाल उठाया। महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े इसका जवाब नहीं दे पाईं और उलझ गईं। यह देख स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने स्थिति संभाली और मंत्री से कहा, पूरी जानकारी विभाग से लेकर सदस्यों को उपलब्ध कराएं। प्रश्न काल में कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी ने वर्ष 2024-25 में पालना योजना के लिए राशि का प्रावधान न करने के क्या कारण हैं। 15 फरवरी तक केंद्रांश और राज्यांश दोनों ही शून्य बताया गया है, तो 175 पालना घर संचालन कैसे और किस मद से हो रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा, 25 फरवरी के बाद राशि 4.82 करोड़ रुपए मिले हैं। फिर इस पर वित्त विभाग ने अनुमति नहीं दी थी, अब संचालन के लिए रिलीज कर दिए गए हैं।



**विपक्ष का आरोप- योजना का संचालन ही नहीं हुआ**



कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने इस मुद्दे पर कहा, 15 फरवरी तक कोई राशि व्यय नहीं की गई यानी साल भर तक योजना चली ही नहीं। मगर मंत्री कह रही हैं योजना संचालित है। मंत्री ने बताया कि एसएनसी मॉडल में तकनीकी दिक्कत के कारण राशि कुछ समय तक रूका था। अब 31 मार्च तक खर्च करेंगे। विधायक ने कहा, राशि व्यय नहीं हुई है। मतलब संचालन भी नहीं और मंत्री कह रही हैं कि पालना घर चल रहे हैं। मंत्री से उत्तर न आता देख स्पीकर रमन सिंह ने हस्तक्षेप करते हुए मंत्री को पूरी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने सरकार पर योजना में अनियमितता और लापरवाही का आरोप लगाया।

**महतारी वंदन योजना पर भी उठे सवाल**



महतारी वंदन योजना को लेकर अटल श्रीवास्तव ने सरकार से पूछा कि बुजुर्ग महिलाओं को 500 रुपये कम क्यों दिए जा रहे हैं। इस पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जवाब दिया कि उन्हें अंतर की राशि दी जा रही है। विधायक संगीता सिन्हा ने पूछा कि अंतर की राशि किस प्रक्रिया से दी जा रही है, और जिन्हें लाभ नहीं मिल रहा उनके लिए पंजीयन पोर्टल कब खोल रहे हैं। मंत्री ने कहा कि पेंशनधारी महिलाओं को अंतर की राशि दी जा रही है और जिनका रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है, उनकी चिंता सरकार कर रही है।

## खबर संक्षेप



### दिल्ली में संत साईं जलकुमार मसंद का किया सम्मान

**रायपुर।** रायपुर निवासी सिंधी समाज के प्रख्यात संत साईं जलकुमार मसंद साहिब के दिल्ली पधारने पर पूज्य सिंधी पंचायत झूलेलाल धाम अशोक विहार, भारतीय सिंधु सभा दिल्ली प्रांत, इंडस सिंधु आर्गेनाइजेशन आदि संस्थाओं की ओर से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर उनका भव्य सम्मान किया गया। इस मौके पर साईं मसंद साहिब ने बताया कि वे परम धर्म संसद की बैठक में शामिल होने दिल्ली पहुंचे थे। साईं मसंद साहिब ने जानकारी देते हुए बताया कि वे आगामी 23 मार्च को अमर शहीद हेमू कालाणी के जन्मदिवस के अवसर पर कानपुर के सिंधु इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार एवं हेमू कालाणी मेमोरियल शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर अपना आशीर्वाद देंगे। ।

### नाना साहब गोरे पर विशेष आवरण का लोकार्पण आज

**रायपुर।** स्व. भानुराव (नाना साहब) गोरे के जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर भारतीय डाक विभाग, छत्तीसगढ़ परिमंडल की ओर से नाना साहब पर विशेष आवरण का लोकार्पण किया जाएगा। यह कार्यक्रम चौबे कॉलानी स्थित महाराष्ट्र मंडल भवन में 21 मार्च को शाम 6 बजे प्रारंभ होगा। इस लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस होंगे। विशिष्ट अतिथि विधायक रायपुर पश्चिम राजेश मूणत शामिल रहेंगे। अध्यक्षता सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल करेंगे। साथ ही महापौर मीनल चौबे विशेष अतिथि रहेंगी। स्व. भानुराव (नाना साहब) गोरे के पुत्र, प्रमुख आयोजक आशीष गोरे व पुत्रवधू पल्लवी गोरे ने नगर के बुद्धिजीवियों, सुधिजनों से इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति का आग्रह किया है। इस आयोजन में सह मेजबान अनुपमा मोघे, राजीव मोघे, शुभांगी-संजय आपटे, नीरजा-मोहन बोधनकर की प्रमुख सहभागिता है।

### बिहार दिवस पर होंगे कई कार्यक्रम

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी 22 मार्च को पूरे देश में बिहार दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विचार के अनुरूप स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने बताया, छत्तीसगढ़ के पांच से छह जिलों में यह कार्यक्रम रखा जाएगा। भिलाई में 22 मार्च को सुबह 11 बजे और राजधानी रायपुर में उसी दिन यह कार्यक्रम शाम 5 बजे होगा।

## रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव के ठीक पहले अन्नू तारक को भाजपा की सदस्यता दिलाकर की जीत तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिष्ठित चुनाव में भाजपा की रणनीति ने बड़ा काम किया। भाजपा ने गुरुवार को चुनाव के ठीक पहले एकात्म परिसर में अन्नू तारक को भी भाजपा की सदस्यता दिलाकर अपने लिए जीत का रास्ता खोला। इसके दो दिन पहले जोगी कांग्रेस के संदीप यदु ने भी भाजपा का दामन थामा था। इन दो जिला पंचायत सदस्यों के भाजपा में शामिल होने के कारण ही भाजपा को जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में सफलता मिली।

पंचायत चुनाव में जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव में भाजपा को 33 जिलों में से 31 जिलों में तो आसानी से बहुमत मिल गया था, लेकिन सुकमा के साथ ही रायपुर में भाजपा के पास बहुमत का आंकड़ा नहीं था। इसके लिए लगातार प्रयास होता रहा। रायपुर जिला पंचायत का चुनाव भाजपा से लिए बड़ी प्रतिष्ठा वाला था।

### गुप्त रणनीति काम आई

16 सदस्यों वाली रायपुर जिला पंचायत में अध्यक्ष के चुनाव के लिए बहुमत का आंकड़ा 9 का था। भाजपा बराबरी पर होने का लगातार दावा करती रही। ऐसे में पहले मंगलवार को जोगी कांग्रेस के संदीप यदु जब भाजपा में शामिल हुए तो यही कहा जा रहा था कि भाजपा के पास अब बहुमत का आंकड़ा पूरा हो गया है। हालांकि इस बारे में भाजपा का कोई नेता कुछ भी बोलने को तैयार नहीं था। लेकिन गुरुवार को जब रायपुर जिला पंचायत के चुनाव की प्रक्रिया 11 बजे प्रारंभ हुई तो इसके पहले भाजपा के सभी जिला पंचायत सदस्य एकात्म परिसर में जुटे और यहां पर अन्नू तारक को भाजपा की सदस्यता दिलाने का काम भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा और अन्य नेताओं ने किया। इसके बाद जब जिला अध्यक्ष के चुनाव में भाजपा को 9 वोट मिले, तब इस बात का खुलासा हुआ कि अन्नू तारक के भाजपा में शामिल होने के बाद ही भाजपा को बहुमत मिला और उनका अध्यक्ष जीता। भाजपा ने अंत तक अपनी रणनीति को गुप्त रखा और मतदान के ठीक पहले ही एक सदस्य को अपने पाले में शामिल करके अध्यक्ष का चुनाव जीतने में सफलता प्राप्त की। इसी के साथ भाजपा के उपाध्यक्ष को भी जीत मिली।

## भाजपा की आज बड़ी बैठक, मोदी की सभा के लिए तय होगी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बिल्हा विधानसभा में होने वाली सभा के लिए दो लाख की भीड़ एकत्रित करने के लिए प्रदेश भाजपा संगठन जिम्मेदारियों का बंटवारा करेगा, इसके लिए शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश संगठन की बड़ी बैठक दोपहर दो बजे होगी। यह बैठक भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन लेंगे। वे शुक्रवार को बैठक के पहले 1.45 बजे विमान से रायपुर पहुंचेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक, नगर निगमों के महापौर, सभापति सहित नगरीय निकाय और पंचायतों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रहे हैं। बिलासपुर में जहां उनका सरकारी कार्यक्रम होगा, वहीं बिल्हा विधानसभा में उनकी एक बड़ी सभा भी होगी। लोकसभा चुनाव के बाद यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पहला छत्तीसगढ़ दौरा है। इस दौरे में उनकी होने वाली सभा को भव्य बनाने के लिए भाजपा ने तैयारी की है।

### दो लाख की भीड़ जुटाने का लक्ष्य

नरेंद्र मोदी की सभा में प्रदेश संगठन दो लाख क भीड़ जुटाने की तैयारी में है। इसके लिए बैठक में सबकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। सबसे बड़ा फोकस बिलासपुर के साथ रायपुर और दुर्ग संभाग रहेगा। इन संभाग के जिलों के पदाधिकारियों को भीड़ लाने का लक्ष्य दिया जाएगा। इसी के साथ सरगुजा और बस्तर से भी कार्यकर्ताएं आएंगे और साथ ही वहां के पदाधिकारी भी भीड़ लेकर आएंगे। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, संभा प्रभारी-सह प्रभारी, जिला संगठन प्रभारी-सह प्रभारी, जिला अध्यक्ष, निवृत्तमान जिला अध्यक्ष, सभी मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक-सह संयोजक, सभी महापौर, नपा-नपं अध्यक्ष, निगम सभापति, जिला पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष और जनपद पंचायत अध्यक्षों को बुलाया गया है। प्रदेश भर से एक हजार से ज्यादा जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में जीतने वालों का स्वागत किया जाएगा। इसी के साथ आने वाले समय में संगठन के क्या-क्या कार्यक्रम होने हैं, इसकी भी सभी को जानकारी दी जाएगी।

**केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र**

## रायपुर हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय दर्जा देने बृजमोहन ने की मंत्री से मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू को पत्र लिखकर रायपुर हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय दर्जा देने की मांग की है। उन्होंने भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच 2014 में हुए द्विपक्षीय समझौते में संशोधन की आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे रायपुर सहित अधिक भारतीय शहरों को अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से जोड़ा जा सके।



श्री अग्रवाल ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी की 26 दिसंबर को हुई बैठक के बाद, रायपुर से यूएई, थाईलैंड और वियतनाम जैसे देशों तक सीधी उड़ानों के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस से संपर्क किया गया। इस दौरान यह तथ्य सामने आया कि वर्तमान समझौते के तहत केवल 15 भारतीय शहरों को ही यूएई से सीधी उड़ानों की अनुमति है। यूएई के राजदूत से हुई चर्चा के दौरान यह सुझाव सामने आया कि इस समझौते का पुनरीक्षण कर 15 के स्थान पर 30 भारतीय हवाई अड्डों को अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए अनुमति दी जाए। श्री अग्रवाल ने इस विषय को गंभीरता से लेने और आवश्यक संशोधन करने का आग्रह किया, जिससे रायपुर हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय दर्जा मिल सके।

## सतीश ने अध्यक्ष पद के लिए किया नामांकन दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के त्रैवार्षिक चुनाव के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा करने का गुरुवार को अंतिम दिन रहा। इस दिन प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए जय व्यापार पैनल और व्यापार एकता पैनल के संयुक्त प्रत्याशी सतीश थौरानी ने अपना नामांकन दाखिल किया। चैंबर भवन में इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, अजय भसीन, योगेश अग्रवाल, ललित जैसिंघ, राजेश वासवानी, गार्गीशंकर मिश्रा, राधाकृष्ण सुंदरानी, विनय बजाज, अनिल जोतसिंघानी, सचिन मेघानी, अशोक मलानी उपस्थित थे।

नामांकन जमा करने के अंतिम दिन 75 नाम निर्देशन पत्र जमा हुये। जिनमें प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए 2, प्रदेश महामंत्री पद के लिए 1, प्रदेश कोषाध्यक्ष पद के लिए 1 तथा जिला उपाध्यक्ष पद के लिए 36 एवं जिला मंत्री पद के लिए 35 नाम निर्देशन पत्र जमा हुए। 22 मार्च को नाम निर्देशन पत्रों की सूक्ष्म जांच के बाद प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 24 मार्च 2025 को नाम निर्देशन पत्रों पर आपत्तियों का निराकरण प्रातः 11:00 से 2:00 तक किया जाएगा। वैध प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन शाम 6:00 बजे किया जाएगा। नाम निर्देशन पत्रों की वापसी की अंतिम तिथि 26 मार्च को -दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक निर्धारित है। नाम निर्देशन जमा करने बांबे मार्केट स्थित चैंबर भवन सभागार में व्यवस्था बनाई गई है। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली, निर्वाचन अधिकारी- प्रकाशचंद गोलछा, बालकृष्ण दानी, केसी माहेश्वरी, रमेश गांधी, महावीर तालेड़ा, अनिल जैन, संजय देशमुख, संजय जोशी, अमित वर्मा, मनोज शर्मा, मुख्य निर्वाचन नियंत्रक एचएस कर, एवं चैंबर चुनाव कार्यालय प्रभारी एसएम रावते प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विवि परिसर में रायपुर भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ को फॉरेंसिक विज्ञान क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा राजधानी रायपुर स्थित परिसर को राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) के आधिकारिक परिसर के रूप में अधिसूचित कर दिया गया है। अधिसूचना में नागपुर, रायपुर और खोरधा ओडिशा के परिसर को शामिल किया गया है।



यह महत्वपूर्ण निर्णय प्रदेश को फॉरेंसिक विज्ञान, अनुसंधान और जांच के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने में मील का पत्थर साबित होगा। अब छत्तीसगढ़ में ही आधुनिक तकनीकों के माध्यम से फॉरेंसिक शिक्षा और अनुसंधान को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा, जिससे न्याय प्रणाली को और प्रभावी बनाया जा सकेगा।

**जांच और अपराध अनुसंधान में होगा सहायक- विजय**

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, यह निर्णय न केवल प्रदेश के युवाओं को फॉरेंसिक शिक्षा के बेहतरीन अवसर प्रदान करेगा।

## 'संवेदना-2' के पोस्टर का विमोचन



**रायपुर।** नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (एनआईएफएए) एवं नेशनल मेडिकल एसोसिएशन (एनआईएमए) द्वारा देश के लिए बलिदान हुए क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के सम्मान में बलिदान दिवस के अवसर पर 16 से 30 मार्च 2025 तक संवेदना-2 अभियान के अंतर्गत पूरे विश्व में रक्तदान शिविर आयोजित कर इन बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इस अभियान का आधिकारिक उद्घाटन तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा 2021 में किया गया था। निफा एक सामाजिक संस्था है, जो 50 वर्ष से विश्व स्तर पर अनेकों अभियानों से सामाजिक सफलता एवं उपलब्धियां हासिल कर रही है। इस शिविर में रक्तदानियों को देश के लिए शहीद हुए क्रांतिकारियों के परिजनों के हस्ताक्षर युक्त सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा। इसी दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा "संवेदना-2" के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर निफा के प्रतिनिधि डॉ. प्रियंका बिस्सा, देवशीष पटेल, सामाजिक कार्यकर्ता अनीता खंडेलवाल, मीनल अग्रवाल एवं हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**1.55 घंटे रायपुर में रहेंगी, विधानसभा में 55 मिनट का कार्यक्रम**

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 को आएंगी, दौरा कार्यक्रम जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का छत्तीसगढ़ दौरे के संबंध में राष्ट्रपति भवन से मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम जारी किया गया है। वे 24 मार्च को रायपुर आएंगी। यहां उनका दौरा 1.55 घंटा रहेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारतीय वायु सेना के विमान से रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगी। एयरपोर्ट पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और अन्य गणमान्य उनकी अगवानी करेंगे। उसके बाद वे सड़क मार्ग से विधानसभा के लिए रवाना हो जाएंगी। आईपीएस सूरज परिहार को राष्ट्रपति का एस्कार्ट आफिसर बनाया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम इस प्रकार है- सुबह 8.30 बजे राष्ट्रपति भवन से रवाना होकर 8.45 बजे पालम हवाई अड्डा पहुंचेंगगी। 8.55 बजे पालम हवाई अड्डा से रायपुर रवाना होकर 10.35 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर पहुंचेंगी। 10.45 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर से विधानसभा के लिए रवाना होंगी। 11.05 बजे छत्तीसगढ़ विधानसभा पहुंचेंगी। 11.05 से 11.15 तक का समय आरक्षित। 11.15 से 12 तक पौधारोपण, विधायकों के साथ ग्रुप फोटो और विधायकों को संबोधन। 12 बजे विधानसभा से एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगी। 12.20 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंचेंगी। 12.30 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से भारतीय वायु सेना के विमान से दिल्ली रवाना होंगी।

### रायपुर आईजी के नेतृत्व में टीम

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सुरक्षा के लिए रायपुर रेंज आईजी अमरेश मिश्रा को संपूर्ण व्यवस्था प्रभारी बनाया गया है। रायपुर के एसएसपी लाल उमेद सिंह उन्हें सहयोग करेंगे। डीआईजी संतोष सिंह विमानतल की व्यवस्था संभालेंगे। सम्पूर्ण व्यवस्था के प्रभारी सहायतार्थ- अमरेश मिश्रा, पुलिस महानिरीक्षक होंगे।

### सुरक्षा में तैनात रहेंगे ये अधिकारी

अन्य अधिकारियों में डॉo लाल उमेद सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रायपुर, संतोष सिंह, डीआईजी, सूरज सिंह परिहार, सेनानी, 14वीं वाहिनी, छसबल बालोद, मेघा टेम्भुरकर, सेनानी, 3 री वाहिनी, छसबल अमलेश्वर, विशेलाल साहू, सहायक सेनानी, व्हीआईपी सुरक्षा वाहिनी, माना, सचिन्द्र चौबे, पुलिस अधीक्षक, पीटीएस मैनपाट, सरगुजा, प्रशांत कतलम, सेनानी, 10वीं वाहिनी, छसबल सूरजपुर, धनेन्द्र ध्रुव, उप पुलिस अधीक्षक, महासमुंद, संजय साहू, उप पुलिस अधीक्षक, मुंगेली, संतोष जैन, उप पुलिस अधीक्षक, जगदलपुर, जेआर ठाकुर, सेनानी, 22वीं वाहिनी, छसबल कांकेर, प्रज्ञा मेश्राम, उप सेनानी, 7वीं वाहिनी, छसबल भिलाई, विजय तिर्की, सहायक सेनानी, उरी वाहिनी, छसबल अमलेश्वर, लक्ष्य शर्मा, सेनानी, 5वीं वाहिनी, छसबल जगदलपुर, गोपीचंद मेश्राम, उप सेनानी, 12वीं वाहिनी, छसबल रामानुजगंज, मीता पवार, उप सेनानी, 7वीं वाहिनी, छसबल भिलाई, लोकेश्वर शांडिल्य, सहायक सेनानी, 12वीं वाहिनी, रामानुजगंज, संतोष झारिया, सहायक सेनानी, एपीटीएस बोरगांव, सुदर्शन बड़ा, सहायक सेनानी, 19वीं वाहिनी, छसबल जगदलपुर, विनोद मिंज, उप पुलिस अधीक्षक, अजाक, दुर्ग, अरविंद कुमार खलखो, उप पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर, मीरा अग्रवाल, सहायक सेनानी, उरी वाहिनी, छसबल अमलेश्वर, देवकांत वर्मा, सहायक सेनानी, 21वीं वाहिनी, छसबल बालोद शामिल हैं।

## बैंक आफ महाराष्ट्र के पदाधिकारियों ने की हड़ताल



रायपुर। ऑल इंडिया बैंक ऑफ महाराष्ट्र एम्प्लाइज फेडरेशन के नेतृत्व में गुरुवार को पूरे देश में बैंक ऑफ महाराष्ट्र के मैनेजमेंट की कर्मचारी विरोधी नीतियों के विरोध में देशव्यापी हड़ताल की। इसी के तहत छत्तीसगढ़ बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ एवं रायपुर में हड़ताल रखी गई, जिसमें छत्तीसगढ़ बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन के महासचिव शिरीष नलगुंडवार के नेतृत्व में बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने अंचल कार्यालय रायपुर में जोनल मैनेजर प्रशांत राजू को ज्ञापन सौंपा। इस हड़ताल में असीम बानी, रमन्ना मूर्ति, तेजस राठोड़ अन्य उपस्थित थे।

## निधन

### मनोहर सिंह सलूजा



रायपुर। गुरुनानक नगर निवासी सरदार मनोहर सिंह सलूजा का 20 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 21 मार्च को सुबह 10 बजे निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर श्मशानघाट के लिए निकलेगी।

### विष्णुप्रसाद शर्मा



रायपुर। डगनिया निवासी विष्णुप्रसाद शर्मा (उपाध्याय) (76) घटिया वाले का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे मीना उपाध्याय के पति और अविनाश उपाध्याय के पिता थे।

# शराब पीकर पत्नी से करता था झगड़ा, आयोग पहुंचा मामला तो बच्चों के कहने पर नहीं पीने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शराब पीना सिर्फ सेहत के लिए नहीं, बल्कि परिवार की सुख और शांति के लिए भी घातक होता है। शराब सेवन की आदत से एक परिवार की खुशियां चली गई थी। शराब पीकर घर का मुखिया अक्सर अपनी पत्नी से झगड़ा किया करता था, जिसका असर उनके दो बच्चों पर भी पड़ने लगा था। पीड़ित महिला ने इसकी शिकायत छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में की। आयोग ने गुरुवार को इस प्रकरण में सुनवाई की। इस दौरान बच्चों ने अपने पिता को समझाइश दी कि वह शराब छोड़ देंगे, तो सब ठीक हो जाएगा। आयोग ने भी अनावेदक को समझाइश दी। इसके बाद उसने आयोग के समक्ष शराब नहीं पीने का संकल्प लिया।



### दहेज में लिए जेवरात के बदले लौटाया दो लाख रुपए

*महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य लक्ष्मी वर्मा, सरला कोसरिया, ओजस्वी मण्डावी एवं दीपिका शोरी ने रायपुर स्थित कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान एक प्रकरण में पति से अलग रहने वाली एक महिला को आयोग ने दहेज में दिए गए दो लाख रुपए वापस करवाए। महिला का वर्ष 2021 में विवाह हुआ था। विवाह के 4 माह बाद से ही वह पति की प्रताड़ना से तंग होकर अपनी ससुराल में आकर रहने लगी। दोनों ने अब तक तलाक नहीं लिया है, लेकिन दोनों ने दूसरा विवाह कर लिया है। महिला को पूर्व में काउंसिलर की मदद से दहेज का सामान आयोग द्वारा दिलाया गया था, लेकिन सोने-चांदी के जेवरात जिसकी कीमत करीब दो लाख रुपए है, को अनावेदक ने अब तक लौटाया नहीं है। सुनवाई के दौरान अनावेदक ने दो लाख रुपए आवेदिका को लौटाया। इसके साथ ही बर्तन व उपहार के एवज में दस हजार रुपए भी दिया।*

### पत्नी के भरण-पोषण के लिए तीन लाख रुपए देगा पति

*आयोग में एक अन्य प्रकरण में एक दंपति द्वारा तलाक के लिए राजीनामा होने पर पति को पत्नी के भरण-पोषण के लिए तीन लाख रुपए की राशि एकमुश्त में देने का फैसला सुनाया है। महिला ने शिकायत की थी कि अनावेदक के साथ वर्ष 2023 में सामाजिक रीति-रिवाज के साथ विवाह हुआ था। विवाह के कुछ माह बाद से ही दोनों अलग रहते हैं। दोनों पक्ष अब आपसी राजीनामा से तलाक लेना चाहते हैं। आयोग ने इस पर आवेदिका के भरण-पोषण के लिए अनावेदक को एकमुश्त में उसके भरण-पोषण के लिए 3 लाख रुपए की राशि देने के निर्देश दिए हैं। आयोग इस प्रकरण में आवेदिका को उसके दहेज का सामान भी वापस दिलाने में भी मदद करेगा।*

# 200 करोड़ का होगा म्यूनिसिपल बांड, 70 वार्डों का एक्शन प्लान बनाने कंसल्टेंट की होगी नियुक्ति

*मीनल चौबे की पहली एमआईसी बैठक में दो अहम प्रस्ताव पर लगी मुहर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ बजट अनुमान पर और पुनरीक्षित बजट हुई चर्चा

महापौर मीनल चौबे ने गुरुवार को गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में परिषद के नए सदस्यों के साथ अपनी पहली एमआईसी की बैठक ली। इसमें नए सदस्यों से परिचय के साथ चर्चा के बाद एमआईसी में लाये गये 2 अहम प्रस्ताव को मंजूरी दी। इन प्रमुख प्रस्तावों में नगर निगम के अतिरिक्त आय का स्त्रोत जुटाने 200 करोड़ रुपये का म्यूनिसिपल बांड जारी करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस बांड से मिलने वाली राशि से शंकरनगर स्थित क्रिस्टल आर्किड के पास व्यावसायिक परिसर का निर्माण और डूमरतराई में इलेक्ट्रॉनिक मार्केट का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही शहर के 70 वार्डों के विकास के लिए एक्शन प्लान बनाने कंसल्टेंट की नियुक्ति की जाएगी। इसके अलावा एमआईसी में नगर निगम बजट के अनुमान और पुनरीक्षित बजट को लेकर चर्चा हुई। दरअसल केंद्र सरकार द्वारा स्मार्ट सिटी मिशन के तहत मिशन अमृत, स्वच्छ भारत मिशन और अन्य सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित योजनाओं को अमल में लाने के लिए म्यूनिसिपल बांड के माध्यम से फंड की व्यवस्था किये जाने पर जोर दिया गया है। बांड जारी करने पर केन्द्र सरकार द्वारा प्रति 100 करोड़ रुपये म्यूनिसिपल बांड पर 13 करोड़ की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी। इस तरह 200 करोड़ के म्यूनिसिपल बांड पर रायपुर नगर निगम को 25 करोड़ रुपये प्रोत्साहन राशि के रूप में मिलेंगे।



### फायदे का रहेगा निगम बजट 1900 करोड़ का बजट अनुमानित

*महापौर मीनल चौबे का पहला निगम बजट फायदे के बजट के रूप में लोगों के सामने आयेगा जो कि पहले के करीब 1800 करोड़ के निगम बजट से 100 करोड़ ज्यादा का रहेगा। सूत्रों के मुताबिक इस बार का निगम बजट 1900 करोड़ का प्रस्तावित है। साल 2025-26 के बजट अनुमान और वित्त वर्ष 2024-25 के पुनरीक्षित बजट पर सदस्यों से चर्चा के बाद अनुशंसा करते हुये इसे निगम की सामान्य सभा बैठक में विचार के लिए रखे जाने के निर्देश दिये। एमआईसी की बैठक में महापौर मीनल चौबे, निगम आयुक्त विश्वदीप, एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, दीपक जायसवाल, संतोष साहू, भोलाराम साहू, अवतार बागल, महेंद्र खोडियार, अमर गिदवानी, नंदकिशोर साहू, खेम कुमार सेन, गायत्री चंद्राकर, सरिता दुबे, सुमन पांडे, डॉ. अनामिका सिंह,संजना हियाल सहित अपर आयुक्त राजेंद्र प्रसाद गुप्ता,यूएस अग्रवाल, पंकज शर्मा, विनोद पांडे, कृष्णा खटिक, मुख्य अभियंता यूके धलेंद्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, निगम सचिव सूर्यकांत श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।*

### इन योजनाओं के लिए निगम बांड

विदित हो कि पूर्व महापौर एजाज ढेबर की परिषद ने निगम बांड से प्राप्त राशि से समता कालोनी के भैंसथान स्थित रिक्त भूमि के 70 फीसदी हिस्से में खेल मैदान विकसित करने 25 करोड़ रुपये, शेष 30 फीसदी हिस्से में व्यावसायिक परिसर निर्माण की योजना लागत 55 करोड़ अनुमानित रही। जयस्तंभ चौक के पास पुराने नगर निगम कार्यालय की खाली जमीन पर व्यावसायिक परिसर निर्माण 60 करोड़ रुपये, निमोरा तथा कारा एसटीपी में टीटीपी निर्माण 40 करोड़ का प्रावधान।

## प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ ने सभापति को दी शुभकामनाएं



रायपुर। नगर निगम के प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने गुरुवार को सभापति सूर्यकांत राठौर से मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता भेंटकर शुभकामनाएं दी। संघ के अध्यक्ष संजय एडे, खेमूलाल निषाद ने संघ की प्रमुख मांगों एवं समस्याओं के संबंध में अवगत कराते हुए प्लेसमेंट कर्मचारियों को नगर निगम से सीधा वेतन भुगतान करने, 4000 रुपए श्रम सम्मान निधि प्रदान करने सहित अन्य प्रमुख मांगों के संबंध में सभापति से चर्चा की। सभापति सूर्यकांत राठौर ने संघ की मांगों को पूरा करवाने के प्रति आश्वस्त किया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी पवन चवरगुवाल, मनीष तिवारी, हेमंत फरिकार, नीलू शर्मा, दशरथ उपराडे, हरीश साहू, शैलेन्द्र दुबे, रुस्तम साहू, शकुन हरपाल, स्नेहा राजपूत, चंद्रकला, संजना हरपाल उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### आंखों में आंसू लिए...

शिक्षकों को सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के चलते बर्खास्त कर दिया गया है। प्रभावित शिक्षक समायोजन की मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। बर्खास्त सहायक शिक्षकों ने खत लिखकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और सभी मंत्रियों से न्याय की गुहार लगाई है।

### रायपुर पंचायत भी...

होने सबसे पहले कांग्रेस के सभी सदस्य साथ में रेडक्रास भवन पहुंचे। इन सभी सदस्यों को जिला पंचायत परिसर में प्रवेश करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी, क्योंकि मल्टीलेवल पार्किंग के सामने एंट्री गेट पर ताला लगा हुआ था और उसके बाहर कांग्रेस और भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं की भीड़ लगी हुई थी। इस भीड़ से बचते हुए सदस्यों को गेट तक पहुंचना पड़ा। इसके बाद भी इन सदस्यों को अंदर तभी एंट्री दी गई जब उनके द्वारा निर्वाचित प्रत्याशी का प्रमाण-पत्र दिखाया गया। चुनाव के दौरान भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों की भीड़ के कारण कलेक्टोरेट के मुख्य गेट से लेकर मल्टीलेवल पार्किंग के सामने गहमागहमी का माहौल रहा। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता अंदर प्रवेश नहीं करने को लेकर नारेबाजी करते हुए चुनाव खत्म होने तक हंगामा भी करते रहे।

### प्रवेश परीक्षा के...

जाएगी। रविवि यूटीडी में अध्ययन करने वाले अधिकतर विद्यार्थी निम्न अथवा मध्यमवर्गीय परिवार से आते हैं। ऐसे में उनके लिए इतनी बड़ी राशि पंजीयन शुल्क के रूप में प्रदान कर पाना संभव नहीं है। व्यापम और पीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षाओं और भर्ती परीक्षाओं को पूर्ववर्ती सरकार द्वारा निशुल्क कर दिया गया था। वर्तमान में भी युवाओं को यह सुविधा मिल रही है। ऐसे में रविवि द्वारा पंजीयन के नाम पर लिया जा रहा यह शुल्क गरीब छात्रों की परेशानी बढ़ाने वाला है।

### परीक्षा दिलाएं या...

सर्कुलर के अनुसार, यदि किसी विद्यार्थी को अध्ययनशाला में संचालित स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना है तो एंट्रेस एग्जाम के लिए अभी पंजीयन कराना होगा। बारहवीं कक्षा में छात्रों पर पढ़ाई का दबाव रहता है। परीक्षाओं के मध्य अधिसूचना जारी करने और पंजीयन कराए जाने से छात्रों का ही नुकसान होगा।

### बंगाल की खाड़ी से...

संभावित है। फिलहाल एक पश्चिमी विक्षोभ 3 किलोमीटर की ऊंचाई पर उत्तर में सक्रिय है। एक द्रोणिका दक्षिण पश्चिम मध्यप्रदेश से ओडिसा तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा द्रोणिका मराठवाड़ा से तमिलनाडु तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### ट्रेन में 45 वर्ष से...

व एक्सप्रेस ट्रेनों में विकलांग व्यक्तियों के लिए आरक्षण कोटा लागू है, जिसमें राजधानी और शताबदी जैसी ट्रेनें भी शामिल हैं। यह सुविधा उस समय भी लागू होती है, चाहे वे छूट का लाभ उठा रहे हों या नहीं। स्लीपर क्लास में 4 बर्थ (2 निचली बर्थ सहित) होगी, जबकि थर्ड एसी एवं थर्ड एसी इकोनॉमी कोच में 4 बर्थ निचली बर्थ सहित होगी। वहीं, रिजर्व सेकेंड सिटिंग (2एस) या एयर कंडीशंड चेयर कार (सीसी) में 4 सीटें उपलब्ध होंगी।

### सट्टे की रकम...

ने वर्ष 2020 से 2023 के बीच छह खाताधारकों के अकाउंट का पासबुक तथा चेकबुक अपने कब्जे में लेकर 82 लाख 83 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन किया है। नितिन के खिलाफ पुलिस ने अमानत में खयानत तथा धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है। खाताधारकों को अपने अकाउंट से लाखों रुपए के ट्रांजेक्शन होने की जानकारी मिली। इसके बाद उन लोगों ने इसकी शिकायत बैंक प्रबंधन से की। जांच में नितिन के दोषी पाए जाने पर बैंक प्रबंधन ने उनके खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस को आशंका है कि नितिन ने जिन लोगों के नाम से बैंक में अकाउंट खुलवाया था, उन लोगों को उसने उनके अकाउंट के बारे में जानकारी नहीं दी थी। नितिन से पुलिस इसकी जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि वह किसके कहने पर सट्टे की रकम ट्रांसफर करने तैयार हुआ।

### बैंक कर्मियों की...

कड़ी में राजधानी पुलिस दो महीने पूर्व आधा दर्जन के करीब बैंक अफसरों के खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है। पुलिस गिरफ्त में आया नितिन भी उसी म्यूल अकाउंट खुलवाने वाले गिरोह का एक टूल किट है।


**कार्यालय रा.नि.मंडल-तोरला, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**:: आम सूचना ::**

**जारी दिनांक 10/03/2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय कुमार पिता नेमीचंद निवासी न्यू शांति नगर रायपुर आवेदित ग्राम कुरूं प.ह. नं. 02 राजस्व निरीक्षक मंडल तोरला, तहसील- गोबरा नवापारा, जिला- रायपुर स्थित भूमि ख.नं. 451/1 रकबा 0.292 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा के आदेश दिनांक 19/11/2024 के परिपालन में दिनांक 21/03/2025 को समय अपरान्ह 12.00 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है। अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो, वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी नंबर 02 के ग्राम कुरूं स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. -तोरला

**कार्यालय रा.नि. मंडल - तोरला, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// आम सूचना//**

**जारी दिनांक 10/03/2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जयंत पिता नेमीचंद निवासी न्यू शांति नगर रायपुर आवेदित ग्राम कुरूं प.ह.नं. 02 राजस्व निरीक्षक मंडल तोरला, तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर स्थित भूमि ख.नं. 396, 405/1 रकबा 0.54, 2.10 हे.भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार गोबरा - नवापारा के ओदश दिनांक 19.11.2024 के परिपालन में दिनांक 21.03.2025 को समय अपरान्ह 12.00 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो, वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी नंबर 02 के ग्राम कुरूं स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरांत किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. - तोरला

**कार्यालय रा.नि. मंडल - तोरला, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// आम सूचना//**

**जारी दिनांक 10/03/2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जयंत पिता नेमीचंद निवासी न्यू शांति नगर रायपुर आवेदित ग्राम कुरूं प.ह.नं. 02 राजस्व निरीक्षक मंडल तोरला, तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर स्थित भूमि ख.नं. 447, 450, 452/1 रकबा 0.48, 0.15, 0.06हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार गोबरा - नवापारा के ओदश दिनांक 19.11.2024 के परिपालन में दिनांक 21.03.2025 को समय अपरान्ह 12.00 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो, वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी नंबर 02 के ग्राम कुरूं स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरांत किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. - तोरला

**// आम सूचना //**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार चमारिन बाई साहू, पिता- स्व. धनेश साहू, कास्तकार निवासी- ग्राम कोसरंगी, तहसील आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.) ने क्रेता (संभावित) श्री जयवीर बांधे, पिता- श्री पंचराम बांधे, कास्तकार निवासी ग्राम खरोरा, तहसील व थाना खरोरा, जिला रायपुर (छ.ग.) से अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की मौजा ग्राम कोसरंगी, तहसील आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नम्बर-83, रकबा 0.41 हेक्टेयर कृषि भूमि का बिक्री इकरारनामा दिनांक- 14/10/2024 को निष्पादित किया गया था तथा बिक्री इकरारनामा के अनुसार रजिस्ट्री का कार्य 03 माह के पश्चात किये जाने का उल्लेख किया गया था। मेरे पक्षकार के द्वारा क्रेता जयवीर बांधे से उक्त दर्शित बिक्री इकरारनामा दिनांक- 14/10/2024 के शर्तों के अनुरूप लगातार भूमि के विक्रय पंजीयन की कार्यवाही संपादित करा लेने हेतु कहा गया, परन्तु जयवीर बांधे के द्वारा कोई न कोई बहाना बनाकर निर्धारित समयावधि में उक्त भूमि का पंजीयन नही कराया गया। भूमि के राजस्व अभिलेख, दस्तावेज मेरे पक्षकार के नाम से दर्ज रहे हैं फिर भी जयवीर बांधे के द्वारा निर्धारित समयावधि में बिक्रीनामा के शर्तों के अनुरूप पंजीयन की कार्यवाही संपादित नही की गई। अतः मेरे पक्षकार के द्वारा इस आम सूचना के माध्यम से जयवीर बांधे एवं सर्वसाधारण को इत्तला किया जाता है कि मेरा पक्षकार अब जयवीर बांधे के साथ निष्पादित उक्त बिक्रीनामा दिनांक- 14/10/2024 के विधिक प्रभावों से मुक्त हो चुका है। मेरा पक्षकार अब अपने हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नम्बर- 83, रकबा 0.41 हेक्टेयर स्थित ग्राम कोसरंगी, तहसील आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.). के संबंध में सभी प्रकार के संव्यवहार करने हेतु स्वतंत्र है, यह भी सर्वसाधारण एवं जयवीर बांधे पिता- श्री पंचराम बांधे को इत्तला किया जाता है कि उक्त बिक्रीनामा दिनांक- 14/10/2024 जो विधिक रूप से समाप्त हो चुका है से संबंधित किसी भी प्रकार से परेशान करने एवं झूठा प्रचार करने पर मेरा पक्षकार संबंधित के विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्यवाही हेतु स्वतंत्र है।

इत्तला जानें। रायपुर (छ.ग.) दिनांक :- 19/03/2025

भवदीय
सौरभ शर्मा, विद्यानंद सिंह राजपूत (अधिवक्तागण)
कार्या. शीतला मंदिर के पास, डंगनिया चौक रायपुर
मो. 94255-61876

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण गोविन्द अग्रवाल पिता श्री पंचूगोपाल अग्रवाल निवासी कोटा रायपुर जिला रायपुर छ.ग. एवं रजत कनूगा पिता पारसचंद कानूगा निवासी रायपुर जिला रायपुर छ.ग. ने श्रीमती लता साहू पति श्री लोकेश्वर साहू निवासी एचबीडी 38 फेस 02 मेन रोड गोल चौक के पास कबीर नगर टाटीबंध रायपुर छ.ग. के स्वामित्व व आधिपत्य की ग्राम उरला के अंतर्गत वार्ड 11 मिनी माता वार्ड से मोहन ढाबा से सिन्हा तालाब तक प.ह.नं. 23 रा.नि.म.अभनपुर तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित स्वीकृत अभिन्यास में भूखण्ड क्र. 407, ख.न. 209/1-2-3-4-5, 210, 226 का भाग रकबा 3200 वर्गफुट को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिये है तथा विक्रय विलेख पंजीयन कराना शेष है।

अतः उक्त भूमि के संव्यवहार बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैक या किसी भी अन्य को कोई उजर, दावा हो तो मय सुसंगत दस्तावेज सहित सात दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर लिखित में आपत्ति पेश करे। मियाद बाद मेरे पक्षकारगण उक्त भूमि का विक्रय विलेख पंजीयन अपने पक्ष में करा लेगे। उसके बाद की गई कोई भी आपत्ति या दावा अवैध एवं शून्य माना जावेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना ताकीद जाने।

स्थान - अभनपुर दिनांक- 19/03/2025

**चन्द्रकांत शर्मा अधिवक्ता**
**तहसील कार्यालय परिसर अभनपुर**
**जिला रायपुर छ.ग.**
**मो. नं. 6265853763**

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण गोविन्द अग्रवाल पिता श्री पंचूगोपाल अग्रवाल निवासी- कोटा रायपुर जिला रायपुर छ.ग. एवं रजत कनूगा पिता पारसचंद कानूगा निवासी- रायपुर जिला रायपुर छ.ग. ने डिगराम साहू पिता श्री पुरूषोत्तम साहू निवासी वार्ड 18 ग्राम संकरी तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व व आधिपत्य की ग्राम राखी रा.नि.म. अभनपुर तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित स्वीकृत अभिन्यास में ख.न. 652/4, 652/2 रकबा क्रमशः 0.06, 0.14 हे. को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिये है तथा विक्रय विलेख पंजीयन कराना शेष है।

अतः उक्त भूमि के संव्यवहार बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैक या किसी भी अन्य को कोई उजर, दावा हो तो मय सुसंगत दस्तावेज सहित सात दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर लिखित में आपत्ति पेश करे। मियाद बाद मेरे पक्षकारगण उक्त भूमि का विक्रय विलेख पंजीयन अपने पक्ष में करा लेगे। उसके बाद की गई कोई भी आपत्ति या दावा अवैध एवं शून्य माना जावेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना ताकीद जाने।

स्थान - अभनपुर दिनांक- 19/03/2025

**चन्द्रकांत शर्मा अधिवक्ता**
**तहसील कार्यालय परिसर अभनपुर**
**जिला रायपुर छ.ग.**
**मो. नं. 6265853763**

**कार्यालय रा.नि.मंडल-तोरला, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**:: आम सूचना ::**

**जारी दिनांक 10/03/2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरोज पिता नेमिकुमार निवासी न्यू शांति नगर रायपुर आवेदित ग्राम कुरूं प.ह. नं. 02 राजस्व निरीक्षक मंडल तोरला, तहसील- गोबरा नवापारा, जिला- रायपुर स्थित भूमि ख.नं. 405/2 रकबा 1.00 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा के आदेश दिनांक 19/11/2024 के परिपालन में दिनांक 21/03/2025 को समय अपरान्ह 12.00 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है। अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो, वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी नंबर 02 के ग्राम कुरूं स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. -तोरला

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री ध्यानदास साहेब कबीर पंथी मठ ट्रस्ट पंजीयन क्रमांक 01/2022 अध्यक्ष सर्वराकार नरेन्द्र दास गुरू नाम आचार्य श्री महेश दास निवासी कबीर मठ पाहंदा पो.आ. भुरका तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर पंजीकृत ट्रस्ट क्रमांक 01/2022 के सर्वराकार महंत नरेन्द्र दास एवं न्यासी रामबगस साहू के द्वारा त्याग पत्र देने से एवं सर्वराकार महंत नरेन्द्र दास का नाम विलोपित कर उनके स्थान पर प्रकाश साहेब गुरू महेश साहेब का नाम दर्ज किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

तद्संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार का दावा / आपत्ति दिनांक 01/04/25 को स्वंय अथवा किसी भी वैधानिक प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत करें सकते है।

उक्त अवधि पश्चात प्राप्त किसी भी दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/03/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
आरंग जिला-रायपुर (छ.ग.)

प्रारूप- 37
(नियम 61 (3) देखिए)

मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी को रद्दकरण के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अभ्यर्पण करने और वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने की सूचना
(दो प्रतियों में, दूसरी प्रति नोटिस जारी करने पर वित्तपोषक को भेजी जावेगी।)

रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी रायपुर सं. 329 तारीख 20/03/2025

श्री/श्रीमती/कुमारी SIKANDAR ALI, S/O- TAVARAQ ALI, SUBHASAH NAGAR, MOUDHAPARA RAIPUR, DIST-RAIPUR (CG)- 492001 (रजिस्ट्रीकृत स्वामी) को यह सूचित किया है कि HDB FINANCIAL SERVICES LTD Raipur (वित्तपोषक) ने यह सूचित किया है कि उसने / उन्होंने उक्त करार उपबन्ध अधीन आपके व्यतिक्रम के कारण अवक्रय / आडमान / पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटर यान जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या CG04LW8611 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि-

1. आपने उसे / उन्हें रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया है।
2. आप फरार हो गये है।

उसने/उन्होंने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया है।

अतः आपको उक्त मोटर यान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पित करने को निर्देश दिया जाता है, जिसे आपने कब्जा खो देने पर धारा 2 (30) के अधीन स्वामित्व भी खो दिया है और इस बारे में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, तो इस नोटिस की आपके द्वारा प्राप्ति के सात दिन के भीतर इस कार्यालय को करने का निर्देश दिया जाता है। आपके असफल रहने पर धारा 51 (5) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द करते हुये वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाएगा।

रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी
रायपुर

पत्र क्रं /18951/न.पा.नि. /जोन क्रं-10/2025
रायपुर 19-03-2025

**इश्तेहार**

नामंतरण प्र.क्र. 18951

वार्ड का नाम - 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR446M00397 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती NIRMALA CHEEJWANI पिता / पति श्री/श्रीमती CHANDRA KUMAR CHEEJWANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती Chaman Singh Chaudhary पिता / पति श्री/श्रीमती Vishnu Prasad ने मृत्यु प्रमाण पत्र , सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

"सूचना जारी करे"

श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र.-10
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

पत्र क्र./18348/न.पा. नि. /जोन क्र. 10/2025
नामंतरण प्र.क्र. 18348
वार्ड का नाम - 52- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड
रायपुर, दिनांक 25-02-2025

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR446K00268 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SUNITA JHABAK पिता/पति श्री/श्रीमती RAJESH JHABAK के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SANGEETA JAIN पिता/पति श्री/श्रीमती W/O YASH-WANT JAIN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

सूचना जारी करे

**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन (10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार//**

रा.मा.क्र.../ /ब/121 वर्ष 2024-25
धरसींवा, दिनांक 18/03/2025

ग्राम उरला प.ह.नं. 29
रा.नि.मं. रायपुर-21 रावांभाठा
तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि बिसाहू राम बंजारे पिता स्व. भाउ राम बंजारे निवासी वार्ड नंबर-2 सतनाम चौक उरला, थाना उरला, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा अंतर्गत धारा 115 छ०ग०भू-राजस्व संहिता 1959 वास्ते बटांकन किये जाने अभिलेख सुधार बाबत आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम उरला प.ह.न. 29 रा.नि.म. रायपुर-21 रावांभाठा, तहसील धरसीवा जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 121 रकबा 0.2840 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में बतौर स्वामी एवं कब्जेदार के आवेदक के नाम पर दर्ज रहा है। उपरोक्त भूमि का मूल नक्शा खसरा मूल नक्शा खसरा नंबर 121 का बना हुआ है। आवेदक की भूमि 2800 वर्गमीटर भूमि राष्ट्रीय राजमार्ग 6 लेन में अधिग्रहित कर ली गयी थी। जो आवेदक की खाते में भूमि का रकबा 0.0070 हे. शेष थी। आवेदक के नाम पर बंटाकित भूमि खसरा नंबर 121/1 को मूल नक्शा में बटांकित कर आवेदक के नाम पर नक्शा दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 03/04/2025 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 18/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)

**//आम सूचना//**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर (छ.ग.) द्वारा औद्योगिक क्षेत्र भनपुरी, जिला रायपुर (छ.ग.) में भूखण्ड क्रमांक निरंक, रकबा 30,000 वर्गफीट (0.68 एकड़) भूमि का आबंटन उत्पाद RIGID P.V.C. PIPES उद्योग हेतु 99 वर्ष की लीज पर पट्टाविलेख के माध्यम से मेसर्स विनीत इण्डस्ट्रीज, प्रोपराईटर श्री रमेश चंद गुप्ता पिता श्री सरदारीलाल गुप्ता, निवासी पण्डरी तराई, रायपुर (छ.ग.) को आबंटित किया जाकर, पट्टाविलेख दिनांक 08/09/1081 को निष्पादित किया गया।

आबंटित भूमि रकबा 30,000 वर्गफीट (0.68 एकड़) भूमि में से रकबा 5,000 वर्गफीट (0.57 एकड़) भूमि का समर्पण दिये गये आवेदन के संबंध में दिनांक 30/09/1989 को निगम के पक्ष में भू-समर्पित करने बाबत भू-समर्पण डीड निष्पादित की गई। औद्योगिक इकाई ने आबंटित भूमि में से शेष भूमि 25,000 वर्गफीट (0.57 एकड़) में से रकबा 10,000 वर्गफीट (0.57 एकड़) भूमि का समर्पण स्वीकार कर दिनांक 11/01/2010 को समर्पण डीड निष्पादित की गयी। भूमि के समर्पण के पश्चात औद्योगिक इकाई के पास रकबा 15,000 वर्गफीट (0.34 एकड़) भूमि के उपरोक्तानुसार पट्टाधिकार शेष है।

श्री रमेश चंद्र गुप्ता की मृत्यु दिनांक 12/08/2021 को हो जाने पर उनके विधिक वारिसानों यथा सहमतिदाता क्रमांक (1) श्री विनीत गुप्ता (पुत्र) पिता स्व. रमेश चंद्र गुप्ता (2) श्री विशाल गुप्ता (पुत्र) पिता स्व. रमेश चंद्र गुप्ता (3) श्री आशीष गुप्ता (पुत्र) पिता स्व. रमेश चंद्र गुप्ता (4) श्री राकेश गुप्ता (भाई) पिता श्री सरदारी लाल गुप्ता (5) श्री राजेश गुप्ता (भाई) पिता श्री सरदारी लाल गुप्ता (6) श्री योगेश गुप्ता (भाई) पिता श्री सरदारी लाल गुप्ता (7) श्री राजीव गुप्ता (भाई) पिता श्री सरदारी लाल गुप्ता (8) श्री विपिन गुप्ता (भाई) पिता सरदारी लाल गुप्ता (9) श्रीमती ज्योति गुप्ता (बहन) पिता श्री सरदारी लाल गुप्ता (10) श्रीमती जीवनप्रभा गुप्ता (बहन) पिता श्री सरदारी लाल गुप्ता (11) श्री मुकेश कुमार गुप्ता (भाई) पिता श्री सरदारी लाल गुप्ता द्वारा औद्योगिक क्षेत्र भनपुरी जिला रायपुर के भूखण्ड क्रमांक निरक, रकबा 15,000 वर्गफीट (0.34 एकड़) को स्व. श्री रमेश चंद्र गुप्ता के भाई श्री मुकेश कुमार गुप्ता पिता श्री सरदारी लाल गुप्ता के नाम पट्टाभिलेख में दर्ज कराने एवं भूमि अंतरण/ हस्तांतरण किये जाने हेतु उत्तराधिकारी के रूप में लिखित सहमति एवं नोटराइज्ड शपथ पत्र पृथक-पृथक दिनांक 20/01/2025 के द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

प्रकरण में उक्त इकाई के स्वामित्व में रक्त संबंधी अंतरण / हस्तांतरण की कार्यवाही किया जाना है, जिसके परिप्रेक्ष्य में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायपुर द्वारा इकाई के प्रोपराईटर श्री रमेश चन्द्र गुप्ता की मृत्यु के पश्चात इकाई के स्वामित्व में परिवर्तन करने संबंधी उक्त इकाई की संपत्ति का स्वामित्व (उत्तराधिकारी) "छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि तथा भवन प्रबंधन नियम-2015" के प्रावधानों के अंतर्गत श्री मुकेश कुमार गुप्ता पिता श्री सरदारी लाल गुप्ता प्रोपराईटर मेसर्स विनीत इण्डस्ट्रीज के नाम पर हस्तांतरण हेतु आदेश पारित किया जाना है एवं उक्त संपत्ति को श्री मुकेश कुमार गुप्ता पिता श्री सरदारी लाल गुप्ता मेसर्स विनीत इण्डस्ट्रीज, औद्योगिक क्षेत्र भनपुरी, रायपुर के नाम लीज का निष्पादन किया जाना है।

यदि उक्त इकाई की संपत्ति के रक्त संबंधी अंतरण/ हस्तांतरण संव्यवहार एवं नाम परिवर्तन के संबंध में संबंधित परिवार के किसी वैध उत्तराधिकारी/ किसी व्यक्ति/ संस्था/ बैंक आदि को कोई उजर दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर लिखित आपत्ति मय पुष्ट दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रस्तुत की गई आपत्ति अवैधानिक एवं शून्य होगी।

दिनांक 05/03/2025 (सी. केरकेट्टा)
मुख्य महाप्रबंधक
जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायपुर

**:: आम सूचना ::**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया है, मैं अपने पक्षकार श्री अलख नारायण सोनी पिता स्व. छेदीलाल सोनी, निवासी- लाखे नगर, (हनुमान नगर, देवांगन भवन के पास), रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. से प्राप्त अधिकार व निर्देशानुसार यह आम सूचना प्रकाशित करता हूं कि :-

मेरे उक्त पक्षकार का पुत्र प्रकाश सोनी, उम्र 29 वर्ष है, जो मेरे पक्षकार के साथ निवास करता है। मेरे पक्षकार का पुत्र प्रकाश सोनी गलत संगत में पड़कर मेरे पक्षकार के नाम व चल अचल संपत्ति का दुरूपयोग व दुर्विनियोग कर रहा है व विभिन्न व्यक्तियों से व साहूकार से उक्त मेरे पक्षकार का नाम का दुरूपयोग कर लेन देन करने का प्रयास कर रहा है। अतः प्रकाश सोनी वल्द अलख नारायण सोनी से किसी भी प्रकार का लेन देन या अन्य कोई संव्यवहार मेरे पक्षकार के नाम से न करे। यदि कोई ऐसा करता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा। मेरे पक्षकार को प्रकाश सोनी से कोई लेना देना नही है, चूकि मेरे पक्षकार द्वारा अपने पुत्र प्रकाश सोनी को अपने समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है ।

अतः समस्त आम व खास लोगो को इस आम सूचना पत्र के माध्यम से ताकिद व सूचित किया जाता है कि प्रकाश सोनी वल्द अलख नारायण सोनी का कार्य व्यवहार, लेन देन, देनदारी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा । मेरा पक्षकार प्रकाश सोनी के किसी भी कार्य व्यवहार, लेन देन के लिए दायित्वाधीन व उत्तरदायी नही होगा, भविष्य में कोई व्यक्ति, संस्था उक्त प्रकाश सोनी से किसी भी प्रकार का संव्यवहार, लेन देन करता है तो उसके लिये मेरे पक्षकार से कोई दावा उजर आपत्ति नही करेगा, यदि करता है तो वह उसकी स्वयं की जिम्मेदारी व देनदारी होगी। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक-20/03/2025

विश्वनाथ कर, (अधिवक्ता)
जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर (छ.ग.)
निवास/कार्या.- शीतला मंदिर, बाजार चौक, डंगनिया, रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)
मो.नं.- 9229933692, 9669992444

**आम सूचना**

**पंजीकृत मूल रजिस्ट्री दस्तावेज गुमने के संबंध में**

एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि दिलीप नागपाल पिता स्व. हरभगवान दास नागपाल निवासी एफ 39 , मारूती रेसीडेन्सी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. ने, विक्रेता अविनाश डेव्हलपर्स, रायपुर छ.ग. से, मारुती रेसीडेंसी स्थित मकान क्र. एफ 39 क्षेत्रफल 1416 वर्गफुट जो कि ग्राम अमलीडीह तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है, को पंजीकृत विक्रय विलेख जिसका पंजीयन उप-पंजीयक कार्यालय रायपुर के कार्यालय में दिनांक 24.04.2006 को पुस्तक क्रमांक अ1, ग्रंथ क्रमांक 36902 में दस्तावेज क्रमांक 589 (क) देकर पंजीकृत कराया गया है, द्वारा क्रय किया था।

यह कि उपरोक्त वर्णित संपत्ति की मूल रजिस्ट्री, वर्तमान संपत्ति स्वामी श्रीमती प्रीति बलानी पति भारत वार्लयानी, निवासी मारूती रेसीडेंसी, चांपा जिला जांजगीर-चापा (छ.ग.) के विक्रेता के पूर्व विक्रेता सौरेन्द्र दास पिता श्री सुधीर रंजन दास, निवासी एफ 9, सेक्टर 3, एकता नगर, गुढ़ियारी, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा अपना घर/निवास बदलने के दौरान कहीं गुम हो गया, जो कि अथक प्रयास के उपरांत भी प्राप्त नहीं हो पाया। उपरोक्त मूल रजिस्ट्री का दुरूपयोग ना हो इस हेतु उक्त दस्तावेज गुमने की सूचना संबंधित थाने में प्रेषित की गई है।

अतएव इस सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त संपत्ति के गुम हुए मूल दस्तावेज के आधार पर किसी भी प्रकार का संव्यवहार किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय इत्यादि से ना करें। सो सूचना जानें।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक :-

आर.के. पटेल, अधिवक्ता,
महंत कालेज के बाजू
गांधी मैदान, रायपुर (छ. ग.)
संपर्क : 99261 28407

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-धरसींवा, तहसील व जिला रायपुर**
**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 03.02.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कृष्णलता देवांगन पति श्री सुखदेव देवांगन निवासी ग्राम शैलेन्द्र नगर रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम कूरां प.ह.नं. 03 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-15 (धरसींवा) स्थित भूमि खसरा नंबर 1131/1, 1134/1 रकबा 0.642 हे., 0.506 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार धरसींवा जिला रायपुर के रा.प्र.क्र. Q/ अ-12/ वर्ष 2024-25 रायपुर के आदेश दिनांक 20.02.2024 के परिपालन में दिनांक 24.03.2025 को समय 12:00 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 03 के कूरां पटवारी स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक, रायपुर-15**




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक मड थैरेपी, निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 250 मरीजों ने कराया उपचार



**रायपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रांतीय इकाई द्वारा 19 से 25 मार्च तक रामनाथ भीमसेन सभा भवन समता कालोनी में प्राकृतिक मड थैरेपी से मरीजों का निःशुल्क उपचार करने चिकित्सा शिविर आयोजित है। छत्तीसगढ़ में पहली बार अपनी तरह के इस अनूठे शिविर में 26 प्रकार की जड़ी बूटियों से निर्मित मिट्टी का लेप कर उदयपुर के प्रशिक्षित डॉ. बीडी शर्मा और उनके साथ 15 सदस्यीय टीम सेवा दे रही है। शिविर के दूसरे दिन 250 मरीजों ने शिविर स्थल पहुंचकर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन कर्तव्य अग्रवाल, प्रचार-प्रसार प्रभारी प्रमोद जैन,प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल, महामंत्री मुरली अग्रवाल सहित उनकी टीम शिविर स्थल पर व्यवस्था बनाये रखने सहयोग प्रदान कर रही है।

### मुंबई के सिंधी कलाकारों का नाट्य मंचन कल



**रायपुर।** चेट्रीचंड्र के उपलक्ष्य में सामाजिक संस्था 'एक पहल और' द्वारा 22 मार्च को शहीद स्मारक भवन राजबंधा मैदान में मुंबई के सिंधी कलाकारों द्वारा सिंधी नाटक सिंधियत जी खुशबू एवं आई लव यू का नाट्य मंचन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष सुशील वाधवानी और प्रवक्ता गौरव मंधानी ने बताया कि मुंबई के कलाकारों की टीम द्वारा समाज में बढ़ रही सामाजिक समस्या एवं पारिवारिक समस्या को बहुत ही सुंदर तरीके से नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से दिखाया जाएगा।

# पिछली गर्मी में खराब वाटर कूलर सुधरा नहीं तो छात्रों ने विभाग के दफ्तर पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

गर्मी का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे मौसम में शुद्ध एवं ठंडा पानी की सभी लोगों को जरूरत होती है। यह सुविधा शासकीय कन्या एवं बालक छात्रावास में रहने वाले छात्र-छात्राओं को भी दी जा रही है, लेकिन राजधानी रायपुर के पेंशनबाड़ा में संचालित दो बालक छात्रावास हैं, जहां पिछली गर्मी से खराब पड़े वाटर कूलर को अब तक सुधारा नहीं गया है। इसके कारण इन दोनों छात्रावास में रहने वाले छात्रों को शुद्ध और ठंडा पेयजल भी नहीं मिल पा रहा है। इससे परेशान होकर छात्रों ने गुरुवार को खराब पड़े दोनों वाटर कूलर को छात्रावास से उठाकर कलेक्टोरेट स्थित आदिम जाति विकास विभाग के दफ्तर में छोड़ दिया है। पेंशनबाड़ा स्थित शासकीय आदर्श पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास के अध्यक्ष राजपुरोहित सोनवानी ने बताया कि छात्रावास में विभाग द्वारा वाटर कूलर लगाया गया था। इस वाटर कूलर को खराब हुए एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, जिसके कारण छात्रों को शुद्ध और ठंडा पेयजल भी नहीं मिल पा रहा है। प्री मैट्रिक छात्रावास में भी वाटर कूलर कई महीनों से बिगड़ा पड़ा हुआ है। दोनों वाटर कूलर को ठीक करने के लिए विभाग को आवेदन भी दिए गए हैं, लेकिन अब तक इसे सुधारा नहीं गया है। गर्मी का सीजन शुरू हुए डेढ़ महीने से अधिक समय हो चुका है। इसके बाद भी वाटर कूलर को ना ही सुधारा गया और न ही उसकी जगह नया वाटर कूलर दिया गया है।






**रिप्लेस कर नए वाटर कूलर लगाए जाएंगे**

सुधारने के बाद वाटर कूलर खराब हो गए हैं। इन दोनों को अब रिप्लेस किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एक-दो दिनों के भीतर नए वाटर कूलर लग जाएंगे।

- **विजय सिंह कंवर**, सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग रायपुर

### नया वॉटर कूलर दिया जाएगा

उन्होंने कहा कि आवेदन करने के बाद वाटर कूलर को नहीं सुधारे जाने के विरोध में अब समस्त छात्रों ने निर्णय लिया कि इस खराब वाटर कूलर को विभाग को वापस कर देंगे। इस निर्णय के तहत छात्रों ने गुरुवार को दोनों छात्रावास के वाटर कूलर को विभाग के दफ्तर में छोड़ दिया है। इधर इस मामले में विभागीय अधिकारी का कहना है कि वाटर कूलर खराब हुए थे, जिसे आवेदन मिलने के बाद सुधारा गया था, लेकिन अब दोनों फिर खराब हो गए हैं। इन दोनों वाटर कूलर को अब रिप्लेस कर नया वाटर कूलर छात्रावासों को दिए जाएंगे। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## पुलिस तथा सटोरियों के बीच लुका छिपी का खेल शुरू

# कल से शुरू हो रहे आईपीएल मैच के लिए सटोरियों ने बिछाई बिसात

**सटोरियों की तैयारी**

- शहर के बाहर अलग-अलग फार्म हाउस में ठिकाना।
- पुराने सभी नंबर बंद।
- होटल में दूसरे के नाम से रूम।
- बड़े बुकी शहर पहले ही छोड़ दिए।
- दुबई के नंबर का उपयोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

चैंपियंस ट्रॉफी मैच के समाप्त होते ही शनिवार से पूरे देश में आईपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज होने जा रहा है। आईपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता में बड़े पैमाने पर सट्टा संचालित होगा। इसे रोकने पुलिस ने अपने स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। इसी के साथ ही सटोरिये पुलिस से बचने सट्टा संचालित करने हाईटेक तरीका अपना रहे हैं। पुलिस से बचने के लिए बुकी हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई, गोवा, कोलकाता में अड्डा जमाकर बैठे हुए हैं और वहीं से वे अपने एजेंटों (पंटर) के जरिए दांव लगवाने की तैयारी की है।

महादेव सट्टा एप के खिलाफ पूर्व में की गई कार्रवाई को देखते हुए सटोरिये रायपुर में ज्यादा जोखिम नहीं उठाना चाहते। इसीलिए बड़े बुकी क्रिकेट सट्टा संचालित करने नए एजेंट तलाश कर उनके भरोसे दांव लगवाने की फिराक में हैं। बड़े बुकी पैसों का जोखिम कम करने अपने एजेंटो से एडवांस में रकम हासिल कर उन्हें सट्टा संचालित करने लाइन दे रहे हैं। साथ ही बड़े बुकी अपने एजेंटों को उनसे कम से कम संपर्क रखने की हिदायत दे रहे हैं।

### मैनुअल की जगह इंटरनेट कॉलिंग

सट्टा संचालित करने मोबाइल से मैनुअल कॉल करने पर कॉल ट्रेस होने के साथ ही कॉल रिकार्ड होने का खतरा बना रहता है। इससे बचने सटोरियों ने इंटरनेट कॉलिंग से एक दूसरे के साथ संपर्क करने का तरीका खोजा है। पुलिस को इस बात की जानकारी हाल के दिनों में पकड़े गए सटोरियों से पूछताछ करने पर मिली है। इंटरनेट कॉलिंग के साथ ही सटोरिया वाट्सएप कॉल से एक दूसरे के साथ संपर्क स्थापित करेंगे। सटोरिए सट्टा लेन-देन ऑनलाइन ट्रांजेक्शन से करेंगे।

### एक हजार खाइवालों की सूची तैयार

अफसरों के निर्देश पर क्राइम ब्रांच की टीम ने पूर्व में पकड़े गए खाइवालों की सूची तैयार कर उनकी पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस की अब तक की पड़ताल में ज्यादतर खाइवाल नहीं मिले। साथ ही उनके पुराने नंबर बंद बता रहे हैं। पूर्व में पकड़े गए सटोरिये वर्तमान में कौन सा नंबर इस्तेमाल कर रहे हैं, क्राइम ब्रांच की टीम इस संबंध में जानकारी जुटा रही है।

**कॉल ट्रेस से बचने बड़े सटोरिये दुबई के नंबर तथा वाट्सएप कॉल से कर रहे संपर्क**




### कार में घूम-घूम कर खिलाने का ट्रेंड

सट्टा संचालित करने सटोरियों ने पिछले कुछ वर्षों से पैटर्न बदला है। सटोरिये एक जगह बैठकर सट्टा संचालित करने के बजाय कार में घूम-घूमकर सट्टा संचालित कर रहे हैं। इसके साथ ही बड़े होटलों में सट्टा संचालित करने सटोरियों ने अभी से किसी दूसरे व्यक्ति की आईडी से रूम बुक करा लिया है।

### आईडी पासवर्ड और लेन बाई लेन होता है

बड़े-बड़े शहरों में बैठे कई बुकी छोटे-छोटे कस्बों में अपनी लाइनें देते हैं और ये लाइनें अपनी विशेष आईडी पासवर्ड से खुलती हैं। इसी के साथ-साथ नए तरीकों में ये बुकी एप व विशेष वेबसाइटों द्वारा भी इस कारोबार संचालित करते हैं। बड़े शहरों से ये क्रम तथा छोटे शहरों और कस्बों में और छोटे कस्बों से आम सट्टेबाजों तक लाइन बाई लाइन ये धंधा संचालित होता है।

### सटोरियों के खिलाफ पुलिस की तैयारी

- क्राइम की विशेष टीम तैयार की कई है।
- पुराने सटोरियों के नंबर और उनके ठिकाने पर खोज की जा रही।
- दुबई से लौटे सटोरियों पर नजर।
- हाल ही में कितने लोग शहर छोड़कर बाहर गए हैं उनकी जानकारी।
- रायपुर के रहने वाले जो लोग बड़े होटले में किराए से रह रहे हैं उनकी जांच।

**पहले से तैयारी की है**

आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा पर अंकुश लगाने हमने पहले से तैयारी की है। पुराने सटोरियों की पतासाजी की जा रही है। हाइटिक तरीके से संचालित सट्टा पर अंकुश लगाने साइबर सेल की टीम सट्टा से जुड़ी सभी वेबसाइट की निगरानी करेगी।

**संदीप मित्तल**, एडिशनल एसपी, क्राइम, रायपुर

# पाथवे पर दुकान सजाने वालों का कटेगा बिजली कनेक्शन लाइसेंस भी किया जाएगा रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कई बार हिदायत देने के बाद भी बिरगांव निगम क्षेत्र के व्यापारी लोगों की आवाजाही के लिए बनवाए गए पाथवे ही नहीं, बल्कि सड़क तक दुकानें सजा रहे हैं। इससे आने-जाने वाले लोगों की सुविधा बाधित होने की स्थिति निर्मित हो रही है। इसे देखते हुए बिरगांव निगम आयुक्त के निर्देश पर आवागमन बाधित करने वाले व्यापारियों का लाइसेंस रद्द करने और उनके संस्थानों का बिजली कनेक्शन भी काटने की सुगबुगाहट तेज हो गई है।

बिरगांव निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वाशा ने मामले की गंभीरता और कई बार अल्टीमेटम देने के बाद भी जनसामान्य के आवागमन को बाधित करने वाले व्यापारियों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इसे देखते हुए मैदानी अमले ने व्यास तालाब चौक से सिंघानिया चौक उरला, सरोरा से सुभाष चौक, बेंदरी और कन्हेरा जाने वाले मुख्य मार्ग तक अव्यवस्था फैलाने वालों का सर्वे कर लिया है। औद्योगिक क्षेत्र से घिरे निगम के मुख्य मार्गों से फैक्ट्रियों में काम करने वाले कर्मचारियों का आना-जाना होता है। इस स्थिति को देखते हुए भी मार्ग के दोनों छोर पर दुकानदारी करने वाले व्यापारियों द्वारा अपनी सामग्री को लावारिस हालत में बाहर प्रदर्शित किया जा रहा है। कई बार हिदायत देने और बंदिश लगाने के साथ ही सामग्री जप्त करके जुर्माना लगाने पर भी व्यापारी नहीं मान रहे हैं।




- बिरगांव निगम आयुक्त के निर्देश पर अब कार्रवाई की सुगबुगाहट हुई तेज

### मालिकों के खिलाफ होगी सख्ती

निगम आयुक्त ने ऐसे 100 से भी ज्यादा व्यापारियों के खिलाफ अब सख्ती का रास्ता अपनाने का मन बना लिया है। इनके संस्थानों का विद्युत कनेक्शन काटने के साथ ही लाइसेंस निरस्त और दुकान शील करने की तैयारी में है। सड़क तक सामान सजाने और आवागमन बाधित करने वालों के खिलाफ अब निगम अधिनियम कि धारा 322, 248, एवं आईपीसी के तहत प्रकरण दर्ज करने न्यायालय में वाद दायर करने का भी निर्देश किया है।

### लोककर्म विभाग के अध्यक्ष दीपक ने किया पदभार ग्रहण



**रायपुर।** गांधी सदन में गुरुवार को लोककर्म विभाग के अध्यक्ष और शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड के पार्षद दीपक जायसवाल ने गणेश जी की पूजा अर्चना कर शंख ध्वनि के बीच पदभार ग्रहण किया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजा अर्चना आचार्य जनों की उपस्थिति में कराई गई। इस मौके पर श्री जायवाल को बधाई देने वालों में महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी, अपर आयुक्त विनोद पांडे, मुख्य अभियंता यूके धलेंद्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, संजय बागड़े, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी और सामाजिक कार्यकर्ता वार्डवासी उपस्थित रहे।

## बिजनेस साइट

### विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स में खेल उत्सव, सांसद बृजमोहन ने किया पुरस्कृत



**रायपुर।** मारुति सुजुकी के अधिकृत विक्रेता विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स ने मोवा स्थित विधानसभा रोड पर अपने वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया। इस मौके पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने समारोह के दौरान संस्था के विजयी कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किए। संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर यशवंत अग्रवाल ने बताया कि यह खेल उत्सव पिछले 5 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है, जो कर्मचारियों के बीच टीमवर्क और उत्साह को प्रोत्साहित करता है।

इस कार्यक्रम में डायरेक्टर अभिषेक अग्रवाल, सीईओ दिशा अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, मारुति सुजुकी के एरिया मैनेजर अंकुर शर्मा, आसिफ कादरी, साहिल मल्होत्रा, अतुल झा और अमित गुप्ता भी उपस्थित रहे। उत्सव में विभिन्न खेलों जैसे कैरम, शतरंज, बैडमिंटन और क्रिकेट का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### तीन दिवसीय सूत्रा फैशन एग्जीबिशन आज से

**रायपुर।** तीन दिवसीय सूत्रा फैशन एग्जीबिशन आज से बेबीलॉन इंटरनेशनल में शुरू होने जा रहा है। इस एग्जीबिशन में लेटेस्ट डिजाइनर ड्रेसेस, शानदार ज्वेलरी और महिलाओं के लिए बेहतरीन एसेसरीज एक ही छत के नीचे देखने को मिलेंगी। यह एग्जीबिशन 21 मार्च से 23 मार्च तक चलेगा और आप सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक फैशन की दुनिया का आनंद ले सकते हैं। सूत्रा ने हमेशा ही अपने बड़े और भव्य एग्जीबिशन के जरिए देशभर के फैशन प्रेमियों को मंत्रमुग्ध किया है। चाहे वह ब्राइडल वियर हो, रेडी-टू-वियर फैशन हो या फिर स्टेटमेंट ज्वेलरी पीस, सूत्रा में हर तरह का फैशन मौजूद होता है। इस बार एग्जीबिशन में कुछ प्रमुख डिजाइनर्स और ब्रांड्स भी शामिल होंगे। इनमें 'सान्वी बाय श्रद्धा अग्रवाल' का टाइमलेस डिजाइन, 'राशि फ्रॉम काशी' का आधुनिक पारंपरिक स्टाइल, 'वियरिटेज' का पुणे से आया हेरिटेज फैशन, 'मनपसंद बाय भूमिका छाबड़िया' का लक्जरी डिजाइन और 'पल्लवी एंड पीयूष' का हर मौके के लिए परफेक्ट एथनिक वियर शामिल हैं।

sutraa Indian•Fashion•Exhibition

# दो वर्ष पूर्व ठगी की शिकायत पुलिस ने अब दर्ज किया 14 लोगों के खिलाफ अपराध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- 56 हजार वर्गफीट जमीन बेचने साढ़े सात करोड़ में सौदा कर चार करोड़ 21 लाख एडवांस ले चुके

पुरानी बस्ती थाने में बिरगांव के एक व्यक्ति ने दो वर्ष पूर्व जमीन बेचने के नाम पर ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित की शिकायत पर जांच के बाद पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ ठगी की रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उसने प्रोफेसर कालोनी में 56 हजार वर्गफीट जमीन खरीदने का सात करोड़ 47 लाख 60 हजार रुपए में सौदा किया था। साथ ही वह जमीन बेचने के एवज में चार करोड़ 21 लाख रुपए एडवांस दे चुका है। एडवांस लेने वाले जमीन रजिस्ट्री कराने के बजाय जमीन बेचने से इनकार तो किया ही, साथ ही एडवांस रुपए लौटाने से इनकार कर दिया।

उरकुरा निवासी पतिराम साहू की शिकायत पर पुलिस ने पुरानी बस्ती, महामाईपारा निवासी सुपेता मटियारा, विजय सपहा, बृजलाल, राकेश, दीपक, कमला बाई, दसरी बाई, मुटन बाई, हीरा बाई, लक्ष्मिन बाई, ममता, करुणा, शकुन एवं सरस्वती बाई के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पतिराम ने पुलिस को बताया है कि उसने संबंधित लोगों से जमीन खरीदने इकरारनामा करने के बाद उन्हें वर्ष 2019 से वर्ष 2023 के बीच मकान बनवाने से लेकर मोबाइल खरीदने तथा अन्य कार्यों के लिए चार करोड़ 21 लाख रुपए एडवांस दे चुका है। पतिराम ने जिन लोगों से जमीन खरीदने सौदा किया था, उस जमीन को अन्य लोगों को बेचने पैसे एडवांस लेकर जमीन मालिकों को दिया था।

# प्रापर्टी की जानकारी लेने गए ईओडब्लू के अफसरों से कवासी बोले- ईडी को सौंप चुका हूं दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाले में जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा से ईओडब्लू तथा एसीबी के अफसर दूसरे दिन गुरुवार को पूछताछ करने रायपुर सेंट्रल जेल पहुंचे। जेल में कवासी लखमा से दो घंटे की पूछताछ के बाद अफसर लौट आए। एक डीएसपी तथा एक टीआई रैंक के अफसर पूर्व आबकारी मंत्री से पूछताछ करने दोपहर 12 बजे के करीब जेल पहुंचे थे। जांच एजेंसी के अफसरों ने कवासी लखमा से एक बंद कमरे में उनकी संपत्ति के बारे में पूछताछ की। इस पर कवासी लखमा ने कहा कि जो बातें वे पूछ रहे हैं, वही बातें पूर्व में ईडी के अफसर उनसे पूछताछ कर चुके हैं। संपत्ति का ब्योरा मांगे जाने पर कवासी लखमा ने कहा कि उनके पास जो प्रापर्टी के दस्तावेज हैं, वो सभी दस्तावेज ईडी के अफसर अपने साथ ले गए हैं। पूर्व आबकारी मंत्री ने प्रापर्टी का ब्योरा लेने जांच एजेंसी के अफसरों को ईडी से संपर्क करने के लिए कहा।



- दो घंटे की पूछताछ के बाद ईओडब्लू, एसीबी के अफसर जेल से लौटे

*झल्लाते हुए कहा- जेब में जानकारी लेकर नहीं चलता :* ईओडब्लू के अफसर कवासी लखमा से उनकी प्रापर्टी से संबंधित जानकारी लेने अलग-अलग एंगल से पूछताछ कर रहे थे। इस पर कवासी लखमा बुरी तरह से झल्ला गए और अफसरों से कहा कि क्या वे प्रापर्टी के दस्तावेज जेब में लेकर घूम रहे हैं, जिनकी मैं हर समय जानकारी रखूंगा। लखमा ने फिर से एक बार खुद पर लगे भ्रष्टाचार के सभी आरोपों को इनकार किया।

# एक साल पहले हुई इंजीनियर भर्ती परीक्षा के नतीजे अटके, संग हुए जेई के रिजल्ट जारी!

- 2023 में निकला था विज्ञापन, 3 मार्च 2024 को हुई थी परीक्षा
- कनिष्ठ अभियंताओं की ज्वॉइनिंग भी, राह ताक रहे सहायक अभियंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं का हाल बेहाल है। पीएससी में हुए घोटालों के बाद व्यापम की लेट-लतीफी से भी परीक्षार्थी जूझ रहे हैं। स्थिति यह है कि एक साथ हुई भर्ती परीक्षाओं मे एक के परिणाम जारी कर दिए गए हैं तो दूसरी परीक्षा के परिणामों के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। मामला इंजीनियरिंग भर्ती परीक्षा का है। व्यापम द्वारा स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। भर्ती परीक्षा के तहत कनिष्ठ अभियंता इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रॉनिक्स व सहायक अभियंता इलेक्ट्रिकल के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए 3 मार्च को भर्ती परीक्षा ली गई। सहायक अभियंता भर्ती परीक्षा के रिजल्ट में देरी के कारण बेरोजगारों की समस्या। सहायक अभियंता भर्ती परीक्षा का रिजल्ट अभी तक घोषित नहीं किया गया है। जबकि साथ हुए कनिष्ठ अभियंता की परीक्षा का परिणाम जारी हो गया है।

*दो साल से चल रही प्रक्रिया : छग स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड अर्थात सीएसपीटीसीएल के लिए जारी भर्ती परीक्षा पिछले दो सालों से चल रही है। सर्वप्रथम इसके लिए 15 सितंबर 2023 को विज्ञापन जारी किए गए। इसके पश्चात 2023 में ही दिसंबर माह में आवेदन मांगे गए। अगले वर्ष 3 मार्च 2024 को दो पालियों में परीक्षा हुई और तब से लेकर अब तक कैंडिडेट्स परिणाम का इंतजार कर रहे हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि बेरोजगार युवाओं की उम्र दिनों-दिन बढ़ती जा रही है, और उनके पास नौकरी के अवसर कम होते जा रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग करते हुए आवश्यक कदम उठाने आग्रह किया है।*

आवश्यकता है
अखबार फोल्डिंग कार्य हेतु युवकों की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ संपर्क करें
9399161607, समय : रात 8.30 बजे
हरिभूमि
कार्यालय, धमतरी रोड, रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 01 जुलाई से 10 जुलाई 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:- स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 18,500/-, 2 एसी 22,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ्रोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 21 मार्च 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



## एजुकेशन अपडेट

# विजन @ 2047 : चुनौतियां, दायित्व के साथ ही सुझाव पर तीन दिन होगा मंथन



**रायपुर।** नरदहा स्थित आंजनेय यूनिवर्सिटी में 21 से 23 मार्च तक तीन दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। इसमें छत्तीसगढ़-विजन @ 2047 चुनौतियाँ, दायित्व के साथ ही सुझाव पर मंथन होगा। यह आयोजन उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। यह सम्मेलन हाइब्रिड मोड (ऑफलाइन एवं ऑनलाइन) में आयोजित किया जाएगा। इससे अधिक से अधिक विद्यार्थी, शोधार्थी, शिक्षाविद, इंडस्ट्री के प्रतिनिधि भाग ले सकेंगे। इस सम्मेलन का उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किया जाएगा। इस तीन दिवसीय आयोजन में विभिन्न तकनीकी सत्रों की श्रृंखला सजेगी। जिसमें करीब 4 सौ शोधार्थी अपने शोध प्रस्तुत करेंगे। इसमें शिक्षाविद व प्रशासनिक अधिकारी मुख्य वक्ता होंगे।

### प्रदेश के विकास और भविष्य पर चर्चा

चांसलर ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के विकास को 2047 तक एक समृद्ध, आत्मनिर्भर एवं प्रगतिशील राज्य बनाने की दिशा में विचार करना है। इसमें तकनीकी नवाचार का समावेश करते हुए औद्योगिक विकास, डिजिटल परिवर्तन, तकनीकी अनुसंधान, नीति निर्माण, सामाजिक न्याय में योगदान एवं चुनौतियों पर विशेष रूप से चर्चा होगी। यह सम्मेलन उन शोधकर्ताओं, शिक्षकों, विद्यार्थियों के साथ विशेषज्ञों के लिए एक बेहतर मंच साबित होगा, जो प्रदेश के भविष्य पर मंथन करना चाहते हैं।

### संस्थानों से भी मिल रहा सहयोग

गुरुवार को पत्रकारवार्ता में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टी. रामाराव, महानिदेशक डॉ. बीसी जैन के साथ चांसलर अभिषेक अग्रवाल और प्रोग्राम की सचिव डॉ. प्रांजलि गनी ने यह जानकारी दी। आगे बताया कि इस सम्मेलन को सफल बनाने में कई प्रतिष्ठित कंपनियों एवं संस्थानों का सहयोग भी मिल रहा है। उनके सहयोग से आयोजन को व्यापक स्तर पर प्रभावशाली बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है। इस प्रयास से न केवल एक स्पष्ट विकसित दृष्टि मिलेगी, बल्कि यह सम्मेलन अन्य राज्यों के लिए भी एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

## होली मिलन के अंतिम दौर में संगीत और डांस से संस्थाएं मना रही हैं उत्सव

# गुलाल में रंगी महिलाएं, कैटवॉक और डांस कर दिखाया जलवा

**रायपुर।** होली के बाद भी रंगों का उत्सव शहर में जारी है। विभिन्न संस्थाओं द्वारा होली मिलन समारोहों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रंगों के साथ-साथ फाग गीतों पर नृत्य और संगीत के माध्यम से होली का जश्न मनाया जा रहा है। इस अवसर पर लोग मिलकर इस रंगीन पर्व को खुशी और उल्लास के साथ मना रहे हैं। गुरुवार को महाराष्ट्र मंडल के चौबे कॉलोनी और सुंदर नगर महिला केंद्र द्वारा आयोजन कैटवॉक, गेम्स और ढोल के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस दौरान 'रंग लेके खेलते.. गुलाल लेके खेलते...', 'होलिया में उड़े रे गुलाल', 'मतवाली कुड़ियां' और 'आला होली चा सन...' जैसे होली के हिंदी और मराठी गानों की धुन पर जब सभागृह में महिलाएं थिरकीं तो दर्शकदीर्घा में बैठीं महिलाएं भी खुद को झूमने से रोक नहीं पाईं।



### बंदिशों से राग की गहराइयां समझाईं



कमला देवी संगीत महाविद्यालय में रंग पंचमी के दूसरे दिन भी संगीतमय रंगोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपशास्त्रीय गायन की विभिन्न विधाओं जैसे होरी, ठुमरी, दादरा आदि की प्रस्तुति दी गई, जिसमें विद्यार्थियों ने भाग लिया। बुधवार को रंग पंचमी कार्यक्रम में समयसीमा के कारण जिन विद्यार्थियों को प्रस्तुति का अवसर नहीं मिल पाया था, उनके लिए गुरुवार को विशेष रूप से महाविद्यालय के सभागृह में यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कशिश चंद्राकर ने राग पीलू में ठुमरी 'ऐसी होरी ना खेली कन्हाई रे' प्रस्तुत की। शारदा नाथ एवं रेणुका साहू ने राजस्थानी होरी 'होली आई रे पियाजी के देश रे, मारो श्याम हठीलो कान्हा केसर खेलत होरी रे' गाकर लोकशैली की सुंदर प्रस्तुति दी।

### स्वास्थ्य कर्मियों ने खेली होली



डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय में गुरुवार को होली मिलन समारोह का सादगीपूर्ण आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर को अबीर-गुलाल लगाकर बधाई दी और एक-दूसरे को भी रंगों से रंगा। डॉ. संतोष सोनकर ने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह प्रेम, भाईचारे और अच्छाई की जीत का प्रतीक है। त्योहार के बाद इस तरह के आयोजनों से आपसी सामंजस्य और कार्यस्थल पर सौहार्द्र बढ़ता है। आहरण एवं संवितरण अधिकारी डॉ. डीके टंडन ने भी सभी को बधाई दी और मिल-जुलकर कार्य करने की बात कही। उप नर्सिंग अधीक्षक सुश्री नंदा रंगारी ने कहा कि इस तरह के आयोजन कर्मचारियों के बीच मेलजोल बढ़ाते हैं। होली मिलन समारोह के मुख्य आयोजनकर्ता अस्पताल के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारी रहे और कार्यक्रम का संचालन हरिशंकर साहू ने किया।

**श्रीकृष्ण बनकर गोपियों के साथ खेली होली :** चौबे कॉलोनी महिला केंद्र की प्रतिभाओं ने 'होलिया में उड़े रे गुलाल...' पर ग्रुप डांस किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में सुंदर नगर महिला केंद्र की टीम ने 'मतवाली कुड़िया...' पर अपने ग्रुप डांस की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में चौबे कॉलोनी केंद्र की महिलाओं ने नाटक 'माहेरचा पहुणा... (मायके का मेहमान) का खूबसूरत मंचन किया। इसके बाद सुंदर नगर की टीम ने राधा-कृष्ण पर मनमोहक डांस प्रस्तुत किया। चौबे कॉलोनी केंद्र के सीनियर वुमन ग्रुप मेंबर्स ने 'होली आई मस्ती लाई' में उम्र को झुठलाते हुए बेहद जोशीला, मस्ती भरा डांस प्रस्तुत किया।



### पारंपरिक व्यंजनों का लिया आनंद

वामा कैपिटल ने रंगों और उमंग के त्योहार होली के अवसर पर आदित्य फार्म हाउस में धूमधाम से होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत गुलाल और फूलों से होली खेलने से हुई। समारोह में संस्कृतिक कार्यक्रमों और खेलों का आयोजन भी हुआ, जिसमें सदस्य बढ़-चढ़कर शामिल हुए। "ऑलराउंडर होली क्वीन" का खिताब मूलचंदानी को, "एक्टिव मेंबर अवार्ड" आनंदिता अग्रवाल, पूजा चंडालिया और साक्षी माधवानी को दिया गया। गेम्स की विजेता सौम्या, पीजु, आनंदिता, लीना और प्रियंका रहे। हेमल शाह को "बेस्ट एस्थेटिक पिक" का खिताब मिला। संगीत, नृत्य और पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लेते हुए सभी ने ढोल की थाप पर डांस किया।



## हैप्पीनेस डे

# खुश रहने से शारीरिक और मानसिक बीमारी रहती है दूर, इम्यूनिटी मजबूत




**रायपुर।** शरीर की सबसे अच्छी दवा 'खुशी' है। अगर व्यक्ति खुश है तो गंभीर बीमारियों से जल्द ही बाहर हो सकता है, क्योंकि खुशी शरीर में इम्यूनिटी बढ़ाती है। यह शोध में भी पाया गया है। वर्ल्ड हैप्पीनेस डे पर हरिभूमि ने मनोचिकित्सक और डॉक्टरों से बातचीत की और जानने का प्रयास किया कि जीवन की हर परिस्थिति में खुश रहना कितना जरूरी है। मेकाहारा के मनोचिकित्सक डॉ. मनोज साहू ने बताया कि जो व्यक्ति ज्यादा उदास और तनाव में रहता है, उसे ही कई तरह की समस्याएं घेरे रहती हैं। अगर व्यक्ति हर समय खुश रहता है तो शारीरिक और मानसिक रूप से हमेशा मजबूत रहेगा। कई केस में देखा गया है कि खुश रहने वालों के शरीर में इम्यूनिटी मजबूत रहती है। उनका कहना है कि खुश रहकर तनाव दूर किया जा सकता है।

### खुशी के लिए खुश होकर काम करें

बदलते समय के साथ कई लोगों की लाइफस्टाइल अनहेल्दी हो चुकी है, जिस वजह से वे मानसिक रूप से खुश नहीं रहते। मनोचिकित्सक का कहना है कि अगर व्यक्ति को खुश रहना है तो कोई भी काम खुशी के लिए न करें, खुश होकर करें। इससे मानसिक तनाव दूर होगा। जो लोग हार्ट डिजीज से बचे रहना चाहते हैं, वे भी खुश रहना शुरू कर दें। चिंता और तनाव से बीपी और शुगर जैसी गंभीर बीमारियां होती हैं। हृदय रोग का जोखिम, अन्य बीमारी जल्द ठीक होने में मदद मिलती है। कई शोध में यह भी कहा जा चुका है कि खुश रहने से उम्र बढ़ती है।

### स्ट्रेस हार्मोन का स्तर हो सकता है कम

तनाव कम करने में मुस्कुराना या हंसना एनर्जी बूस्टर की तरह काम करता है। मेडिसिन चिकित्सक डॉ. प्रियांशु शर्मा का कहना है कि जब कोई व्यक्ति अधिक तनाव में होता है तो स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल का लेवल बढ़ जाता है। हंसने और खुश रहने से कोर्टिसोल का स्तर कम होने लगता है। खुशी के हार्मोन बढ़ने से सकारात्मक सोच बढ़ती है। खुश रहने से हृदय का स्वास्थ्य बेहतर होता है और 30 फीसदी तक हृदय रोग का जोखिम कम हो जाता है।

# गौतम गंभीर पहली बार छग के युवा क्रिकेटरों को देंगे ट्रेनिंग, कैंप के लिए ट्रायल कल

**रायपुर।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर पहली बार छत्तीसगढ़ में युवा क्रिकेटरों को ट्रेनिंग देंगे। अप्रैल और मई में एक विशेष क्रिकेट मास्टरक्लास और ट्रेनिंग कैंप आयोजित किया जाएगा, जहां युवा खिलाड़ियों को गंभीर के मार्गदर्शन में उच्च स्तरीय कोचिंग मिलेगी। यह कैंप एकाना और अरण्या के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है और इसमें मयंक सिद्दाना (दिल्ली रणजी टीम के पूर्व चयनकर्ता), सुहैल शर्मा (इंडिया कैपिटल्स के सहायक कोच) और अतुल रानाडे (भारत 'सी' के पूर्व फील्डिंग कोच) जैसे अनुभवी कोच भी शामिल होंगे।




### 22-23 मार्च को ट्रायल

गौतम गंभीर के शामिल होने से अब इस क्षेत्र के युवा क्रिकेटरों के पास खेल के महान खिलाड़ियों में से एक से सीखने का सुनहरा अवसर है। कैंप में शामिल होने के इच्छुक खिलाड़ियों को 22 और 23 मार्च को रायपुर के अवंति विहार स्थित इमर्जिंग क्रिकेट ग्राउंड में ट्रायल से गुजरना होगा। इसके बाद चयनित खिलाड़ी अप्रैल और मई में विशेष ट्रेनिंग कैंप में भाग लेंगे। ट्रेनिंग कैंप की फीस 16 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ियों के लिए 12,500 रुपए और 16 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों के लिए 9,000 रुपए है। प्रतिभागियों को गौतम गंभीर द्वारा हस्ताक्षरित क्रिकेट किट (टी-शर्ट और कैप), पौष्टिक नाश्ता और हाइड्रेशन, भविष्य में छात्रवृत्ति के अवसर, परिवहन सेवा और गौतम गंभीर के साथ प्रत्यक्ष परामर्श सत्र मिलेगा।

# कॉमेडी डांस देख लोटपोट हुए दर्शक महिलाओं का किया सम्मान

**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में रामगढ़िया सेवक सभा महिला विंग द्वारा महिला दिवस के अवसर पर एक भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 131 महिलाओं को सम्मानित किया गया। इन महिलाओं में डॉक्टर्स, सीए, बैंकर्स, होम ट्यूटर्स, योगा इंस्ट्रक्टर, शेफ, पॉलिटिकल फेस, टेलर्स सहित अन्य महिलाएं शामिल थीं, जिन्हें सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि साइकोलॉजिस्ट डॉ. वर्षा वरवंडकर, फैशन डिजाइनर परमिंदर कौर और न्यूट्रीशन एंड वेलनेस कंसल्टेंट हैप्पी सिंह तथा गगनदीप सिंह रहे, जिन्होंने महिलाओं के लिए बहुमूल्य जानकारी साझा की।



### उत्कृष्ट कार्य पर किया सम्मान

महिला विंग ने कार्यक्रम में एक कॉमेडी डांस की प्रस्तुति दी, जिसे देखकर ऑडियंस हंसी से लोटपोट हो गए। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। मंच संचालन कंवलजीत कौर (सोनू) और अंशु राणा ने किया। इस आयोजन में हरशरण कौर राणा, बलविंदर कौर, कुलदीप विरदी, जसबीर कौर, कमलजीत कौर, बलजीत कौर, संजीत कौर और अध्यक्ष प्रदीप कौर मुदड़, अंशु राणा, नीतू भूई, कंवलजीत कौर, जसविंदर कौर, जीत कौर, मंजू भामरा और स्वीटी सग्गू भी उपस्थित थे।

## मां की उम्र 35 से ज्यादा हो तो साढ़े तीन सौ में से एक बच्चे को डाउन सिंड्रोम

# जन्म लेने वाले 100 में से एक बच्चे को डाउन सिंड्रोम की समस्या, स्पीच थेरेपी-फिजियोथेरेपी से मिल रही राहत

कार्नर न्यूज

*बदलते समय के साथ आम जेनेटिक डिसॉर्डर डाउन सिंड्रोम के प्रति लोग जागरूक हो रहे हैं। राजधानी में भी कई बच्चों को डाउन सिंड्रोम जैसी समस्या है। इसमें बच्चे की शारीरिक एवं बौद्धिक विकास की गति धीमी होती है। विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस पर हरिभूमि ने विशेषज्ञों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि यह दिन डाउन सिंड्रोम के बारे में जागरूकता फैलाने और इससे प्रभावित व्यक्तियों के अधिकारों, उनकी भलाई और सामाजिक समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है।*

**रायपुर।** हर साल 100 जन्म लेने वाले बच्चों में एक बच्चे में डाउन सिंड्रोम पाया जाता है। यदि मां की उम्र 35 वर्ष से ज्यादा है तो साढ़े तीन सौ में से एक बच्चे को यह होने की संभावना है। गर्भावस्था के दौरान डाउन सिंड्रोम की जांच या स्क्रीनिंग माता के रक्त-परीक्षण और अल्ट्रासाउंड से की जा सकती है।

विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस



### थेरेपी से जी सकते हैं खुशहाल जीवन

बच्चों में बोलने संबंधी समस्या के लिए स्पीच थेरेपी कारगर है। साथ ही समझने में यदि तकलीफ है तो पढ़ाई के लिए स्पेशल एजुकेटर की सेवाएं लेना महत्वपूर्ण है। समावेशी शिक्षा (इंक्लूसिव एजूकेशन) इन बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी है। इन बच्चों का संगीत और नृत्य की तरफ अधिक रुझान होता है। सही समय पर सही मार्गदर्शन मिलने से बच्चों के हुनर को संवारा जा सकता है। कई बच्चों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर आजीविका अर्जित करने योग्य भी बनाया जा सकता है। यही नहीं, खेलकूद में रुचि होने पर एवं फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा उचित प्रशिक्षण मिलने पर स्पेशल ओलिंपिक्स की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी बच्चे प्रतिभागी बन सकते हैं। सही देखभाल और थेरेपी से डाउन सिंड्रोम से ग्रसित लोग पूर्ण और खुशहाल जीवन जी सकते हैं।

### जन्म से ही दिखने लगते हैं लक्षण

*सरकारी फिजियोथेरेपी कॉलेज की डॉ. चानन गोयल ने बताया कि डाउन सिंड्रोम आनुवंशिक विकार है, जो ट्राईसोमी 21 के नाम से भी जाना जाता है, जिसमें व्यक्ति के इक्कीसवें क्रोमोसोम की अतिरिक्त प्रति होती है। इसके लक्षण जन्म से ही देखे जा सकते हैं। चेहरा गोल, नाक का पुल सपाट, बादाम के आकार की आंखें, उभरी हुई जीभ पाई जाती है। मांसपेशियों में टोन कम होती है और बच्चे को गर्दन संभालने, बैठने, खड़े होने और चलने में देरी होती है। साथ ही बच्चे को बोलने में भी देर लगने की संभावना प्रबल रहती है। फिजियोथेरेपी से बच्चों की मांसपेशियों की ताकत बढ़ती है, जिससे उन्हें बैठने, खड़े होने और चलने में सहायता मिलती है। डाउन सिंड्रोम से ग्रसित बच्चों में मोटापे, सांस फूलने और हृदय संबंधी रोगों की आशंका भी ज्यादा होती है। बच्चों को दिनचर्या के काम सिखाने, आत्मनिर्भर बनाने और फिटनेस बनाए रखने में फिजियोथेरेपी की अहम भूमिका है।*

## इवेंट लाइव

### महिला सशक्तिकरण के लिए डॉ. चार्मी को ' शक्ति सम्मान'



रायपुर। शिक्षा के साथ ही महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में बेहतर काम करने के लिए 'शक्ति सम्मान 2025' से श्री दावड़ा यूनिवर्सिटी की महानिदेशक डॉ. चार्मी दावड़ा को सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उनको मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन और महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने प्रदान किया। डॉ. चार्मी दावड़ा ने शिक्षा के क्षेत्र में कुशल नेतृत्व क्षमता और महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पण की भावना से इस उपलब्धि को हासिल किया है। उनके मार्गदर्शन में यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। इसके लिए उन्हें गरिमामय आयोजन में सम्मानित किया गया।

**फिल्म अभिनेत्री रवीना टंडन के हाथों हुईं सम्मानित**

#### मनाया महिला सशक्तिकरण का उत्सव

पुरस्कार प्राप्त करने के बाद डॉ. चार्मी दावड़ा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह सम्मान मुझे शिक्षा और युवा सशक्तिकरण के लिए मिला है। इससे आगे अधिक मेहनत करने की प्रेरणा मिलेगी। मैं इस पुरस्कार को अपनी टीम और विद्यार्थियों को समर्पित करती हूं। जिनके लिए काम करते हुए मुझे इस गर्व के क्षण का एहसास मिला। 'शक्ति सम्मान' उन प्रभावशाली महिलाओं को दिया जाता है, जिन्होंने किसी विशेष क्षेत्र में योगदान दिया है। इस भव्य समारोह में शिक्षा, राजनीति और फिल्म जगत की कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया और महिला सशक्तिकरण की भावना का उत्सव मनाया।

● आज विश्व कविता दिवस, प्रदेश के कवियों ने कई राज्यों के मंच पर काव्य प्रवाह से बनाई नई पहचान

# गागर में सागर भरने की कला से कवियों ने देश विदेश के मंच पर बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान

"कहते हैं, कवि काव्य पाठ से गागर में सागर भरने का हुनर रखते हैं। यह किसी हद तक सही है। ऐसे में यह लाजिमी है कि इस विधा में प्रदेश के कई कवियों ने देशभर में कविता पाठ करते हुए प्रदेश का गौरव बढ़ाया तो इनमें कुछेक ने 15 से ज्यादा बार विदेशी धरती पर प्रदेश का मान अपने काव्य प्रवाह से बढ़ाया है। ऐसे कवियों और उनकी कविता के लिए आज विश्व कविता दिवस पर कृतज्ञता का भाव होना चाहिए, जिन्होंने हिंदी ही नहीं, बल्कि आंचलिक बोली छत्तीसगढ़ी में काव्य पाठ से नई पहचान बनाई है।






**प्रेम पर कविता करने से मिली पहचान**

रायपुर के रमेश विश्वहार वैसे तो छत्तीसगढ़ी कविता के लिए जाने-पहचाने जाते हैं, लेकिन इन्हें प्रेम पर कविता के लिए जाना-पहचाना जाता है। प्रेम व श्रृंगार पर कविता पाठ करने वाले श्री विश्वहार ने अनुभव साझा करते हुए कहा कि देश के बाहर विदेश में जाने का अवसर तो नहीं मिला, मगर यू-ट्यूब पर मेरी कविता देश ही नहीं, विदेश में रहने वाले भारतीय भी सुनते हैं। प्रेम और श्रृंगार पर कविता पाठ करने के लिए देश के लगभग सभी राज्यों के बड़े शहरों में जाने का अवसर मिला। छत्तीसगढ़ के बड़े कवियों में पद्मश्री डॉ. दुबे के साथ मंच साझा करने का सौभाग्य उनके प्रयास और श्रोताओं का स्नेह भी मिलता है।

#### 15 से ज्यादा देशों में चला हास्य का जादू

अपने चिर-परिचित अंदाज और छत्तीसगढ़ी में काव्य पाठ से श्रोताओं को गुदगुदाने वाले डॉ. दुबे ने अभी तक देश के लगभग सभी राज्यों के मंच से काव्य प्रवाह से लोगों को हंसी-ठिठोली के बीच कई गंभीर विषयों पर चोट की है। उन्होंने बताया कि कविता के विषय गंभीर और इसे कहने का तरीका बेहद सरल होना चाहिए, जो श्रोताओं के मन में जगह बना ले। इस तरह का प्रयास करते हुए अभी तक अमेरिका, कनाडा, इंग्लैंड, जापान, सिक्किम सहित 15 से भी ज्यादा देशों में कविता की अलख जगाने में सफल रहे। जहां भी गया, अपनी रचनाओं से लोगों के बीच जगह बनाई। नए दौर के युवा भी इस क्रम में आगे बढ़ रहे हैं।

रायपुर। दुनिया की खूबसूरती को बयां करने के लिए कविता से बेहतर कोई जरिया नहीं है। वहीं दुनिया के दुखों का भार भी इन्हीं कविताओं ने सदियों से अपने कंधों पर ढोने का दायित्व भी निभाया है। स्त्रियों के सारे सपने इन कविताओं में बंधे हैं तो पुरुषों के डर को कविताओं ने स्वीकारा है। विश्व में कितने ही लोग हुए हैं, जिनके लिए कविता ने प्राणवायु का काम किया है। कविताओं में हम हैं और हममें कविताएं हैं। कवियों और श्रोताओं के साथ ही पाठकों के लिए भूत, भविष्य और वर्तमान भी कविता है। कुछ इसी तरह के भावों से रचे-बसे पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे छत्तीसगढ़ के चुनिंदा कवियों में शुमार हैं, जो क्षेत्रीय बोली में कविता पाठ करते हुए अब भी कहते हैं, 'अमेरिका हो या इंग्लैंड, रूस हो या जापान, हिंदी कविता की होती है विश्वव्यापी पहचान।'

#### कविता में रची-बसी है वीर रस की धारा



मुंगेली निवासी वीर रस के कवि देवेंद्र परिहार ने देश के लगभग सभी नामचीन कवियों के साथ मंच साझा किया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रवादी वीर रस की कविता करते-करते कब लोगों के बीच स्थापित हो गया, पता ही नहीं चला। स्कूल-कॉलेज के दिनों में जब कविता पाठ करता था, तब पता नहीं था कि एक दिन यही काव्यधारा मेरी पहचान बन जाएगी। अभी तक गुजरात, ओडिशा, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड, बिहार, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल और राजस्थान में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला। श्रोताओं का स्नेह व आशीर्वाद ही ताकत बनते गया। युवा कवियों की नई पौध भी इस क्षेत्र में है।

## सिटी लाइव

### एनसीसी कैडेट्स का सफाई अभियान पर नुक्कड़ नाटक



रायपुर। एनसीसी ग्रुप मुख्यालय एमपी एवं सीजी निदेशालय के तत्वावधान में 27 छत्तीसगढ़ बटालियन द्वारा सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैडेट्स ने रेवा गांव के सार्वजनिक स्थलों एवं चंडीमाता मंदिर परिसर में साफ-सफाई की, जिसमें 120 कैडेट्स की उपस्थिति दर्ज की गई। कैडेट्स ने ग्रामीणों के साथ मिलकर सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण किया, जिसके बाद पदाधिकारियों के निर्देशन में सफाई अभियान की शुरुआत की। कर्नल प्रदीप कुमार नायर ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधित जानकारी देना रहा। इस कार्यक्रम में स्कूल, कॉलेज के कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर साफ-सफाई के फायदे एवं महत्व को बताया।

#### प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग चिंता का विषय

स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कैडेट्स द्वारा गांव में नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया, इस नाटक में घर एवं आसपास में नियमित साफ-सफाई, सिंगल-यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव से पर्यावरण के नुकसान जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सौरभ कुमार ने कहा, दैनिक जीवनशैली में प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग चिंताजनक है, वर्तमान समय में युवा पीढ़ी को पर्यावरण संबंधित खतरों की समझ होना आवश्यक है, कार्यक्रम के दौरान मंदिर के मुख्य पुजारी भोला दुबे, ग्राम सरपंच घसियाराम साहू और एनसीसी के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कला केंद्र में रंगकर्मियों को हर माह मिलेगा नाट्य मंचन का मौका

*रायपुर। नालंदा परिसर स्थित कला केंद्र में रंगकर्मियों के लिए खुला मंच तैयार किया जा रहा है, जिसका प्रयोग प्रत्येक वर्ग के व्यक्ति कर सकेंगे। केंद्र में नाटक के रिहर्सल और प्रस्तुति के लिए खुला मंच का निर्माण कार्य जारी है, जिसमें रोजाना नाटक समूहों को मंचन का मौका भी दिया जाएगा। इस साल समर वेकेशन से पहले सामाजिक संस्था कला केंद्र की तैयारी पूरी हो गई है, नवीन विधाओं में प्रशिक्षण, पंजीयन और लोगों की मनचाही क्लास की शुरुआत करने की योजना तैयार है, जिसमें प्रतिभागियों के शारीरिक और व्यक्तित्व विकास पर अधिक जोर दिया जाएगा, इस वर्ष कलाप्रेमियों के लिए अनेक विधाओं में प्रशिक्षण दिया जाना है।*



समर वेकेशन शुरू होते ही कला केंद्र में पंजीयन का सिलसिला तेजी से बढ़ने लगा, इस वर्ष भी गर्मियों की छुट्टियों से पहले कलाप्रेमियों की राय ली जा रही। जिसके आधार पर संस्थान में नवीन प्रशिक्षण विधा को शामिल किया जाएगा। संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि जनवरी से मार्च माह तक पंजीयन का सिलसिला में उछाल देखा गया है। 1 अप्रैल से नए कक्षाओं का संचालन भी किया जा सकता है।

#### कलाकारों के लिए मंच का निर्माण

अभिनय में रुचि रखने वाले रंगकर्मियों के लिए कला केंद्र में 'खुला मंच' तैयार किया जा रहा है। केंद्र प्रबंधक केदार पटेल ने बताया कि बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग मंच का प्रयोग कर सकते हैं। मंच पर रोजाना सुबह-शाम नाटक तैयार किए जाएंगे, साथ ही नए कलाकारों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसका मंचन सप्ताह या माह के अंतराल में होगा, इस दौरान अभिनय समूहों को भी मंच पर नाटक मंचन का मौका दिया जाएगा। अप्रैल महीने में खुला मंच का उद्घाटन होगा।



#### नवीन विधाओं में प्रशिक्षण

जानकारी के अनुसार, समर वेकेशन के दौरान नवीन विधाओं में प्रशिक्षण दिया जाएगा, इसके लिए प्रशिक्षार्थी केंद्र में नाम दर्ज करा रहे है। लोकप्रियता के आधार पर नए प्रशिक्षकों को बुलाया जाएगा, जिसके लिए एक विधा में 15 प्रतिभागियों का होना जरूरी है।

#### बढ़ती संख्या के साथ समय में परिवर्तन

कला केंद्र के प्रबंधकों ने बताया कि वर्तमान में सुबह 6-9 और शाम 5-8 प्रशिक्षण कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन इसमें परिवर्तन हो सकता है। समर सीजन में बढ़ती संख्या के आधार पर इसका चयन किया जाएगा, जिसमें सुबह-शाम एक घंटा समय अधिक किया जाएगा। लोगों की सुविधानुसार समय में बदलाव संभव है।



# महावीर जन्म कल्याणक में 18 दिन रहेगी महोत्सव की धूम

रायपुर। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की धूम हर साल की तरह इस बार भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके लिए समिति ने तैयारी के साथ ही सफल संचालन के लिए जिम्मेदारियों का विभाजन किया है। इस बार 22 मार्च से 10 अप्रैल तक हर दिन आयोजनों की श्रृंखला सजाने के लिए सकल जैन श्रीसंघ ने प्रयास शुरू किया है। 2624वें कल्याणक महोत्सव को खास बनाने और हर वर्ग की भागीदारी को भी सुनिश्चित किया है। यह जानकारी गुरुवार को पत्रकारवार्ता में समिति के अध्यक्ष महावीर कोचर, सिद्धार्थ डागा, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र डागा और महेंद्र कोचर ने दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को सुबह 7.30 महावीर स्तूप सिटी कोतवाली के पास जैन ध्वजारोहण किया जाएगा। वहीं रविवार को सामूहिक आराधना के साथ महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया जाएगा।

**सकल जैन श्रीसंघ ने साझा की 2624वें महोत्सव की जानकारी**

#### 15 दिन निकाली जाएगी प्रभात फेरी

आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने आगे बताया कि महोत्सव की श्रृंखला में 26 मार्च से 9 अप्रैल तक प्रदिदिन सुबह साढ़े 6 बजे अलग-अलग क्षेत्र से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसके साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। 10 अप्रैल को भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। साथ ही सकल जैन समाज के प्रयास से अलग-अलग दिन रंगोली, नाटक, भजन श्रृंखला के साथ ही जैन ओलंपिक का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें अलग-अलग तरह के गेम्स भी होंगे। इसके लिए समिति के लोगों को महोत्सव का सफल संचालन करने के लिए जिम्मेदारी दी गई है।

**मुनिश्री समतासागर ने भगवान के शासन को सर्वोदय शासन और जिन शासन कहने का समझाया महत्व**

# भगवान की उपासना वही कर सकता है, जो विषय भोग से दूर हो : मुनिश्री

रायपुर। मुनिश्री समतासागर ने गुरुवार को कहा कि मां कभी अपने बच्चे के साथ भेदभाव नहीं करती, वह दूध में पानी को स्नेह भाव से मिलाती है, ताकि बच्चा आसानी से दूध पचा सके। उसी तरह जीवन में किस व्यक्ति से कौन-सा कार्य लिया जाए, यह केवल गुरु ही समझ सकते हैं। गुरु किसी की उपेक्षा नहीं करते, बल्कि वे जानते हैं कि किस व्यक्ति से कौन-सा कार्य कराना है और वे समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। मुनिश्री ने आगे कहा, आत्म बने परमात्मा, हो शांति सारे देश में, महावीर के इस संदेश में सर्वोदय शासन की बात की गई है। भगवान महावीर ने अपनी इंद्रियों को जीत लिया, इसी कारण उन्हें जितेंद्रिय कहा जाता है। सर्वोदय शासन का मतलब है वह शासन, जिसमें सभी के कल्याण की बात की जाए, ऐसा शासन सर्वोदय शासन माना गया है।



#### महात्मा गांधी ने सर्वोदय का नारा दिया

आचार्य समंतभद्र स्वामी ने दो हजार साल पहले सर्वोदय शब्द की व्याख्या की थी, जिसे महात्मा गांधी ने अपने जीवन में अपनाया और सर्वोदय का नारा दिया। गांधीजी ने सत्य और अहिंसा के सिद्धांत का पालन करते हुए न केवल भारत को स्वतंत्रता दिलाई, बल्कि पूरी दुनिया में इस सिद्धांत को चमत्कारी रूप से प्रस्तुत किया। यह सर्वोदय का सिद्धांत तीर्थंकर भगवंतों का सिद्धांत है, जिसमें सभी जीवों के कल्याण की बात की गई है। समवसरण में तीर्थंकरों की जब देशना होती है तो वहां भले ही हम चतुर्मुखी भगवान को विराजमान करें, लेकिन साक्षात समवसरण में भगवान का मुख एक ही होता है। आप जिस दिशा से देखना चाहते हो, उसी दिशा से भगवान और उनकी देशना प्रकट होती है।

#### नाट्यमंडप में घूमते रहते हैं

मुनिश्री पवित्रसागर महाराज ने कहा कि भगवान के ज्ञान में जो नाम आ जाता है, वह अविनाशी है। भगवान की वाणी की उपासना वही कर सकता है, जो विषय भोग से दूर होता है। पंचेंद्रिय विषयों में जो लिप्त रहते हैं, वे भगवान के समवसरण में प्रवेश नहीं कर सकते, वे तो हमेशा बाहर ही नाट्यमंडप में घूमते रहते हैं। राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी और स्थानीय प्रचार प्रमुख अतुल जैन गोधा ने बताया कि मंगल देशना के उपरांत मुनिसंघ की आहार चर्या संपन्न हुई।




## सिटी स्पोर्ट्स

### सीनियर क्रिकेट में ब्लू, सरगुजा और बिलासपुर की जीत, भिलाई को बढ़त

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) की ओर से सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 मार्च से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीमें भाग ले रही है। 17 से 20 मार्च श्रृंखला में गुरुवार को चार मैच खेले गये।



सुधांशु तिवारी 105 रन नॉटआउट

### बिलासपुर ब्लू की बीएसपी पर 116 रनों से जीत

ग्रुप ए का तीसरा चार दिवसीय मैच बिलासपुर ब्लु एवं बीएसपी के मध्य राजनांदगांव में खेला गया। बिलासपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 112.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 263 रन बनाये। बिलासपुर ब्लू की ओर से दीपक सिंह बघेल ने 72 रन तथा श्रेयम सुंदरम ने 54 रन बनाये। वहीं बी.एस.पी. की ओर से जिवेष कुमार भुटे ने 4 विकेट तथा कार्तिक नायडु ने 3 विकेट प्राप्त किये। बीएसपी ने अपनी पहली पारी में 54.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 170 रन बनाये हैं। बीएसपी की ओर देव आदित्य सिंह ने सर्वाधिक 78 रन तथा जिवेष भुटे ने 25 रन बनाये। बिलासपुर ब्लू की ओर से श्रेयस सुंदरम ने 3 विकेट प्राप्त किये। बिलासपुर ब्लू ने अपनी दूसरी पारी में 82.5 ओवरों में 9 विकेट खोकर 326 रन बनाये। बिलासपुर ब्लू की ओर से दीपक सिंह बघेल ने 73 रन तथा सन्नी पांडे ने नाबाद 66 रन बनाये। बी.एस.पी. की ओर से देव आदित्य सिंह ने 6 विकेट प्राप्त किये। 420 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीएसपी 67.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 303 रन ही बना पायी। बीएसपी की ओर से संगीत सोनी ने 90 रन तथा देव आदित्य सिंह ने 56 रनों का योगदान दिया। वहीं बिलासपुर ब्लू की ओर से श्रेयम सुंदरम तथा दीपक सिंह बघेल ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। बिलासपुर ब्लू ने 116 रनों से मैच जीत लिया।

### भिलाई को जांजगीर चांपा के विरुद्ध बढ़त

ग्रुप ए का चौथा चार दिवसीय मैच भिलाई एवं जांजगीर चांपा के मध्य सेक्टर 10 मैदान, भिलाई में खेला गया। भिलाई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 152.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 471 रन बनाये। भिलाई की ओर से साहिल रजत शरीफ ने सर्वाधिक 182 रन हर्ष शर्मा ने 59 रन बनाये। वहीं जांजगीर चांपा की ओर से शाहबान खान तथा मुरली मोहन शर्मा ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। जांजगीर चांपा ने अपनी पहली पारी 110 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 318 रन बनाये हैं। जांजगीर चांपा की ओर से जानेन्द्र ने 99 रन तथा संजीव सिंह ने 74 रन बनाये। भिलाई की ओर से हर्ष शर्मा ने 7 विकेट प्राप्त किया। फॉलोऑन खेलने उतरी जांजगीर चांपा ने अपनी दूसरी पारी में 70 ओवरों में 5 विकेट खोकर 261 रन बनाये। जांजगीर चांपा की ओर से सुधांशु तिवारी ने नाबाद 105 रन तथा शाहबान खान ने 80 रनों का योगदान दिया। वहीं भिलाई की ओर से शुभम सिंह ने 2 विकेट प्राप्त किये। मैच ड्रा पर समाप्त हुआ, भिलाई ने प्रथम पारी की बढत प्राप्त की।

### महासमुंद के विरुद्ध सरगुजा की 4 विकेट से जीत

ग्रुप बी का तीसरा चार दिवसीय मैच महासमुंद एवं सरगुजा के मध्य आर डी सी ए मैदान, रायपुर में खेला गया। महासमुंद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। महासमुंद ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 93.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 386 रन बनाये। महासमुंद की ओर से शशांक चंद्राकर ने सर्वाधिक 171 रन तथा मनीष शर्मा ने 107 रन बनाये। वहीं सरगुजा की ओर से आराध्य गुप्ता ने 4 विकेट प्राप्त किये। सरगुजा ने अपनी पहली पारी में 73.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 267 रन बनाये। सरगुजा की ओर से राहुल प्रधान ने 78 रनों की पारी खेली। महासमुंद की ओर से तुशार चंद्राकर ने 4 विकेट तथा सोहित तिवारी ने 3 विकेट प्राप्त किये। महासमुंद ने अपनी दूसरी पारी में 52.5 ओवरो में 10 विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाये। महासमुंद की ओर से ओंकार देशमुख ने सर्वाधिक 56 रन बनाये। सरगुजा की ओर से आयुष सिंह ने 5 विकेट तथा आराध्य गुप्ता ने 3 विकेट प्राप्त किये। 297 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरगुजा ने 91.1 ओवरों में 6 विकेट खोकर 301 रन बनाकर मैच जीत लिया। सरगुजा की ओर से आषुतोश सिंह ने नाबाद 96 रन तथा आयुश सिंह ने 91 रन बनायें। महासमुंद की ओर से सुधांशु वर्मा ने 4 विकेट तथा तुषार चंद्राकर ने 2 विकेट प्राप्त किये। सरगुजा ने मैच 4 विकेट से जीत लिया।

गुरप बी का चौथा चार दिवसीय मैच प्लेट कंबाइंड एवं बिलासपुर के मध्य दल्लीराजहरा में खेला गया। बिलासपुर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। प्लेट कंबाइंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 40.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाये। प्लेट कंबाइंड की ओर से रोहन टांक ने सर्वाधिक 41 रन तथा हर्श साहु ने 30 रन बनाये। वहीं बिलासपुर की ओर से धनंजय नायक तथा मोहित राउत ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। बिलासपुर ने अपनी पहली पारी में 65.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 233 रन बनाये।

## टॉक्सिन्स को लेकर एक्सपर्ट की भी जानें राय

# शरीर में टॉक्सिन्स जमा होना खतरे की घंटी, इसे पूरी तरह से निकालने आसान तरीके आजमाएं

शरीर में टॉक्सिन्स होने के कारण हम कई बीमारियों से जूझते हैं। इन टॉक्सिन्स को निकालना बहुत आवश्यक है। आइए एक्सपर्ट से जानें शरीर से टॉक्सिन्स निकालने का प्रभावी तरीका।

आज हमारी जीवनशैली ऐसी हो ली है कि हम अपने पर्यावरण और आहार के माध्यम से लगातार तरह-तरह के विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आते हैं। ये विषाक्त पदार्थ समय के साथ हमारे शरीर में जमा होने लगते हैं। विषाक्त पदार्थों के सामान्य स्त्रोतों में पॉल्यूटेंट्स, कीटनाशक, सिंथेटिक रसायन और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में शामिल एडिटिव्स हैं। जब ये हमारे शरीर में प्रवेश करते हैं, तो वे हमारे अंगों और ऊतकों में जमा हो सकते हैं, जिससे सूजन, ऑक्सीडेटिव तनाव और सेलुलर डैमेज हो सकता है। गलत खाने का प्रभाव हमारे शरीर पर बहुत ज्यादा पड़ता है। इसके कारण थकान और कई ऑटो इम्यून बीमारियां हो सकती हैं। इतना ही नहीं, शरीर में टॉक्सिन्स यदि काफी समय तक रहें, तो अन्य गंभीर स्थितियां और स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकते हैं। ऐसे में जरूरी है कि हमारे शरीर से ये टॉक्सिन्स समय-समय पर बाहर निकलें। हालांकि, हमारे शरीर में मुख्य रूप से लिवर, गुर्दे, त्वचा, फेफड़े और पाचन तंत्र के माध्यम से विषाक्त पदार्थों बाहर निकाला जा सकता है। ये अंग शरीर को डिटॉक्सीफाई करने और आंतरिक संतुलन बनाए रखने के लिए मिलकर काम करते हैं।



### सेलुलर रिपेयर में मिल सकती है मदद

उपवास के दौरान, हमारा शरीर ऑटोफैगी नामक प्रक्रिया से गुजरता है, जहां क्षतिग्रस्त कोशिकाएं टूट जाती हैं और रिसाइकल हो जाती हैं। यह सेलुलर रिपेयर सिस्टम न केवल विषाक्त पदार्थों को हटाने में मदद करता है बल्कि स्वस्थ कोशिकाओं, टिश्यू और अंगों के पुनर्जनन को भी बढ़ावा देता है, जिससे स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है।

ब्लड प्रेशर और शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है फास्ट रखने से इंसुलिन प्रतिरोध को कम करने में मदद मिल सकती है। इतना ही नहीं, इससे इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार करके, ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने और टाइप 2 मधुमेह के खतरे को कम करने में मदद मिल सकती है। इससे ब्लड प्रेशर भी कम हो सकता है और हाई ब्लड प्रेशर का खतरा कम हो सकता है, जिससे हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है और हृदय रोगों का खतरा कम होता है।

### उपवास रखने से टॉक्सिन्स आसानी से होते हैं शरीर से बाहर

फास्टिंग के कई बेनिफिट्स हैं और उनमें से एक है कि शरीर की डिटॉक्सिफाई करने की क्षमता को उत्तेजित करता है। जब हम उपवास करते हैं, तो हमारा शरीर ऊर्जा के प्राथमिक स्रोत के रूप में ग्लूकोज का उपयोग करने के बजाय फ्यूल के लिए फैट जलाता है। यह मेटबॉलिज्म बदलाव फैट सेल में स्टोर हुए विषाक्त पदार्थों को रिलीज करने के लिए ट्रिगर करता है, जिससे उन्हें कई मार्गों के माध्यम से शरीर से बाहर निकाला जा सकता है।

### टॉक्सिक ओवरलोड को कर सकता है रिवर्स

समय के साथ, हमारे शरीर में पर्यावरण प्रदूषकों, प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों और तनाव सहित कई जगहों से विषाक्त पदार्थ इकट्ठा हो जाते हैं। उपवास रखने से शरीर को डिटॉक्सिफिकेशन करने और इन स्टोर्ड विषाक्त पदार्थों को खत्म करने का अवसर मिलता है। इससे हमारे अंगों पर बोझ कम होता है और स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है।



### कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित कर सकता है

ऐसा देखा गया है कि उपवास रखने से एलडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है। यह एचडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाता है, जिससे लिपिड प्रोफाइल में सुधार होता है और हृदय रोग का खतरा कम होता है। इसके अलावा शरीर से टॉक्सिन्स निकालने के लिए आपको इन चीजों का ध्यान रखना चाहिए।



# इन वजहों से वर्कआउट के बाद हो सकता है मसल पेन

वर्कआउट के बाद मसल्स में दर्द होना बेहद ही आम बात है। हालांकि, इस तरह मसल्स में दर्द होने के पीछे कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं, जिसके बारे में शायद आपको ना पता हो। हम सभी को चुस्त व तंदरुस्त रहने के लिए वर्कआउट करने की सलाह जरूर दी जाती है। वर्कआउट के जरिए ना केवल आपकी अतिरिक्त कैलोरी बर्न होती है, बल्कि यह आपको अधिक एक्टिव भी रखता है। आमतौर पर, हम अपने वर्कआउट रूटीन में कई कार्डियो से लेकर स्ट्रेन्थ ट्रेनिंग तक को शामिल करते हैं। लेकिन अक्सर यह देखने में आता है कि वर्कआउट में बाद मसल्स में दर्द होता है। इतना ही नहीं, यह दर्द तुरंत नहीं जाता है।

अगर आपने हैवी वेट ट्रेनिंग की है तो यह काफी हद तक संभव है कि मसल्स का दर्द ठीक होने में आपको दो से तीन दिन भी लग जाए। आमतौर पर, यह हर किसी के साथ होता है। आपने भी इसे जरूर एक्सपीरियंस किया होगा। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि वास्तव में वर्कआउट के बाद मसल्स में दर्द क्यों होता है। इसके पीछे कई वजहें जिम्मेदार हो सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसी ही कुछ वजहों के बारे में बता रहे हैं-

### मसल्स फाइबर का थोड़ा सा डैमेज होना

जब हम इंटेस फिजिकल एक्टिविटी करते हैं। खासतौर से, जिसमें एक्सेनट्रिक मसल्स कन्ट्रैक्शन होता है, तो उस दौरान मसल्स फाइबर को थोड़ा सा डैमेज हो सकता है। अगर यह स्थिति पैदा होती हैं तो डैमेज के कारण मसल्स में इन्फ्लेमेशन ट्रिगर होता है। ऐसे में आपको मसल्स में ना केवल दर्द होता है, बल्कि स्टिफनेस का अहसास भी होता है।



**डिहाइड्रेशनः** अक्सर हम इस बात पर ध्यान नहीं देते हैं, लेकिन डिहाइड्रेशन के कारण भी मसल्स में दर्द होने की शिकायत हो सकती है। दरअसल, जब बॉडी में हाइड्रेशन सही तरह से नहीं होता है तो इससे मसल्स फंक्शन और रिकवरी पर नेगेटिव इफेक्ट पड़ता है। ऐसे में एक्सरसाइज के बाद मसल्स में दर्द और ऐंठन होने की संभावना अधिक हो जाती है।

**मसल्स का थक जानाः** अगर आपका जरूरत से ज्यादा वर्कआउट करते हैं तो इससे आपकी मसल्स में थकान का अनुभव हो सकता है। जब मसल्स थक जाती हैं तो ऐसे में उनमें दर्द होना शुरू हो जाता है। कभी-कभी तो हम वर्कआउट के बीच पर्याप्त आराम नहीं लेते हैं या फिर मसल्स को रिकवरी के लिए पर्याप्त समय नहीं देते हैं, जिसके कारण भी मसल्स में थकान होती है और दर्द बढ़ जाता है। इतना ही नहीं, इससे ओवरट्रेनिंग का खतरा भी होता है।

**इंटेंस वर्कआउट करनाः** अगर आप किसी नई एक्सरसाइज को करना शुरू करते हैं या फिर आपने इंटेंस वर्कआउट करना शुरू किया है तो ऐसे में वर्कआउट के समय व इंटेसिटी को बढ़ाने से भी मसल्स में दर्द का अनुभव होने की संभावना बढ़ सकती है।

# चैत्र नवरात्रि के दौरान जरूर करें खरीदी, घर में आएगी खुशहाली



हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि में कुछ चीजें ऐसी हैं, जिसे खरीदना शुभ माना जाता है। अब ऐसे में इस दौरान किन चीजों की खरीदारी करना शुभ माना जाता है। इसके बारे में इस लेख में विस्तार से जानते हैं। चैत्र नवरात्रि का त्योहार नौ दिनों तक चलता है और इस दौरान मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। चैत्र नवरात्रि में खरीदारी करना शुभ माना जाता है। चैत्र नवरात्रि को किसी भी नए काम की शुरुआत के लिए बेहद शुभ माना जाता है। चैत्र नवरात्रि के दौरान सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। अब ऐसे में चैत्र नवरात्रि के दौरान कुछ ऐसी चीजें हैं, जिसे खरीदने से व्यक्ति के जीवन में खुशियों का आगमन हो सकता है।

### मिट्टी का कलश

नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना की जाती है, जिसके लिए मिट्टी के कलश का उपयोग किया जाता है। मिट्टी के कलश को शुद्ध और पवित्र माना जाता है, इसलिए इसका उपयोग शुभ कार्यों में किया जाता है। ज्योतिष शास्त्र में मिट्टी के बर्तन को समृद्धि का कारक माना गया है। इसलिए मां दुर्गा की पूजा के लिए मिट्टी के बर्तन ही खरीदें।

### चांदी का सिक्का

चैत्र नवरात्रि के दौरान चांदी का सिक्का खरीदना बेहद शुभ माना जाता है। नवरात्रि में चांदी का सिक्का खरीदने से घर में सुख-समृद्धि और धन का आगमन होता है। नवरात्रि में चांदी का सिक्का खरीदने से सौभाग्य बढ़ता है और जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं। चांदी के सिक्के को नवरात्रि पूजा में रखना शुभ माना जाता है। इससे देवी दुर्गा की कृपा प्राप्त होती है।

जौ को सृष्टि की पहली फसल माना जाता है, इसलिए इसे पूजा में शामिल करना शुभ माना जाता है। नवरात्रि में जौ बोने से देवी दुर्गा प्रसन्न होती हैं और भक्तों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं।

### पीले चावल

पीले चावल को शुभता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। नवरात्रि में इनका उपयोग देवी दुर्गा की पूजा में किया जाता है, जिससे घर में सुख-शांति और समृद्धि आती है। पीले चावल का उपयोग देवी-देवताओं को आमंत्रित करने के लिए किया जाता है। माना जाता है कि पीले चावल अर्पित करने से देवी-देवता प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं।

# घर पर आसानी से बनाए जा सकते है रंग-बिरंगे स्प्रिंकल्स



डेजर्ट की टॉपिंग्स में सुंदर रंग-बिरंगे स्प्रिंकल्स का इस्तेमाल किया जाता है। बाजार में मिलने वाली स्प्रिंकल्स में प्रिजर्वेटिव्स हो सकते हैं, लेकिन आप उन्हें घर पर भी बना सकते हैं। आइए जानें इन्हें बनाकर स्टोर करने का तरीका क्या है।

### स्प्रिंकल्स क्या होते हैं?

स्प्रिंकल्स छोटे-छोटे रंग-बिरंगे टुकड़े होते हैं, जो आमतौर पर शुगर, चॉकलेट या अन्य मीठे पदार्थ से बने होते हैं। इनका इस्तेमाल केक, कुकीज, डोनट्स, आइसक्रीम और अन्य डेजर्ट को सजाने के लिए किया जाता है। सप्रिंकल्स कई तरह के होते हैं, जैसेःशुगर सप्रिंकल्स- ये चीनी से बने होते हैं। ये कई रंगों में आते हैं। चॉकलेट सप्रिंकल्स- ये कोको पाउडर और शुगर से तैयार किए जाते हैं। नट्स और सीड्स सप्रिंकल्स- बादाम, अखरोट, कद्दू के बीज आदि से बनाए जाते हैं। कोकोनट सप्रिंकल्स- सूखे नारियल से बने होते हैं,।





















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## अगले साल का ऑस्कर भी होस्ट करेंगे कॉनन, चाहते हैं एड्रियन ब्रॉडी की स्पीच



हॉलीवुड फिल्म एकेडमी की तरफ से बताया गया कि अगले साल यानी 2026 में होने वाले ऑस्कर अवॉर्ड के होस्ट फिर से कॉनन ओ'ब्रायन ही होंगे। यह अवॉर्ड अगले साल 15 मार्च को होगा। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड का होस्ट बनकर कॉनन ओ'ब्रायन भी काफी खुश हैं। कॉनन ओ'ब्रायन कहते हैं, 'अगले साल ऑस्कर को होस्ट करने का एक अकेला कारण यह है कि मैं एड्रियन ब्रॉडी को उनकी स्पीच खत्म करते हुए सुनना चाहता हूं।' इस अवॉर्ड के ब्रॉडकास्टर एबीसी के अनुसार भी मार्च महीने की शुरुआत में 97वें ऑस्कर अवॉर्ड को लगभग 19.7 मिलियन दर्शकों ने देखा। यह 2025 का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला प्राइम टाइम एंटरटेनमेंट शो भी था।

इस बार के ऑस्कर अवॉर्ड में कॉनन की होस्टिंग की, कॉमेडी की काफी तारीफ हुई। इस बारे में डिज्नी टेलीविजन ग्रुप के अध्यक्ष क्रेग एर्विच कहते हैं, 'कॉनन की अलग किस्म की कॉमेडी स्टाइल ऑस्कर अवॉर्ड के हर पल को खास बनाती है। अगले साल भी वह अपने इस टैलेंट से दशकों को मनोरंजन करेंगे, मैं इसके लिए काफी एक्साइटेड हूं।'

अगले साल कॉनन ओ'ब्रायन के साथ कुछ और लोगों की टीम भी होगी, जिसमें राज कपूर और कैटी मुलान शो के एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर होंगे। जेफ रॉस और माइक स्वीनी प्रोड्यूसर के तौर पर ऑस्कर में वापस आएंगे। ऑस्कर अवॉर्ड में हॉलीवुड के अलावा दुनिया भर की फिल्में शामिल होती हैं, नॉमिनेट होती हैं। यह अवॉर्ड फिल्ममेकर्स के लिए काफी मायने रखता है।

### टॉलीवुड

## आधी रात रिलीज हुआ 'एल2: एम्पुरान' का ट्रेलर, पुराने अवतार में दिखे मोहनलाल



पृथ्वीराज सुकुमारन निर्देशित और मोहनलाल अभिनीत बहुप्रतीक्षित फिल्म 'एल2: एम्पुरान' का ट्रेलर आधी रात को रिलीज हुआ। इस सरप्राइज रिलीज ने फैंस को चौंका दिया। कुछ दिनों पहले फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था। जिसने फैंस की उत्सुकता को बढ़ा दिया था। अभिनेता और निर्माताओं ने अलग-अलग भाषा में अपने सोशल मीडिया हैंडल पर ट्रेलर को शेयर भी किया है। ट्रेलर में मोहनलाल खुरेशी अब्राम या स्टीफन नेदुमपल्ली के रूप में नजर आए। उनकी प्रभावशाली मौजूदगी चौंकाने वाली है। खुरेशी के बीते हुए कल की झलक भी इसमें मिलती है। ट्रेलर में एक राजनीतिक दल के भीतर के भयंकर सत्ता संघर्ष को भी देखा जा सकता है। यह ट्रेलर एक पूर्व विधायक से इतने सारे लोग क्यों डरते हैं? उसके अतीत में कौन से रहस्य छिपे हैं? जैसे सवाल फैंस के लिए छोड़ता है, जिसका जवाब बड़े पर्दे पर ही मिल सकता है। ट्रेलर में मोहनलाल खुरेशी के किरदार में नजर आए। पृथ्वीराज ने जायद मसूद के रुप में स्क्रीन प्रजेंस पर दमदार उपस्थिति दर्ज की। टोविनो थॉमस के जथिन रामदास, मंजू वारियर की प्रियदर्शिनी रामदास और इंद्रजीत सुकुमारन के गोवर्धन के रुप में नजर आए। ट्रेलपर के साथ फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ चुकी है। यह फिल्म 27 मार्च को मलयालम, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी में रिलीज होगी। फिल्म को लेकर काफी लंबे समय से चर्चा थी। बीच में इसके रिलीज की तारीख बदलने की भी अफवाह उड़ी थी, लेकिन अब निर्माताओं ने ट्रेलर के साथ फिल्म के आधिकारिक रिलीज की भी घोषणा कर दी है।

### छॉलीवुड

## प्यार को नये रूप में परिभाषित करती फिल्म 'मया के पाती' आज से बड़े परदे पर



स्काईलाइन स्टूडियोज़ के बैनर तले बनी छत्तीसगढ़ी फ़िल्म 'मया के पाती' 21 मार्च से भिलाई के चन्द्रा सिनेमा, पीवीआर व दुर्ग के के शेरा शेरा व अप्सरा टॉकीज सहित पूरे छत्तीसगढ में एक साथ प्रदर्शित होने जा रही है। इसके डिस्ट्रिब्यूर लक्की रंगशाही है। डायरेक्टर जे नूतन पंकज ने बताया कि फिल्म में प्यार की अनोखी कहानी है, जो सबसे जुदा है। फिल्म में रायपुर से कांकेर के आस पास बहुत अच्छे मनोरम दृश्य वाले लोकेशंस हैं जो फिल्म की कहानी को एक नया आयाम देते नजर आएंगे। इसमें दर्शकों के शुद्ध मनोरंजन के लिए कॉमेडी का भी भरपूरी तड़का है। प्रोड्यूसर नूतन शंकर ने दावा किया कि आज तक लव स्टोरी की ऐसी कहानी पर फ़िल्म नहीं बनी है। 'मया के पाती' एक विजुअल ट्रीट साबित होगी। फिल्म में कर्णप्रिय सात गाने हैं जो यू टयूब में सॉन्ग जी म्यूजिक छत्तीसगढी से रिलीज होने के बाद दर्शकों को अभी से बेहद पसंद आ रहे है। फ़िल्म में मुख्य किरदार काजल सोनबर, किशन सेन, भूपेश लिलहारे, श्रुति सिंह, दिव्या नागदेव, मोहन चौहान, संगीता निषाद, कीर्ति जैसवाल, रघुबीर सिंह, राजा ठाकुर ने निभाया है। फिल्म के सभी दृश्यों को अपने कैमरे में कैद करने का कार्य कैमरामैन राज ठाकुर, ने किया है तो इसके डांस डायरेक्टर वत्सल, मिहिर, म्यूजिक डायरेक्टर जे नूतन पंकज, सूरज महानंद है। वहीं डायरेक्शन पक्ष के अन्य सहयोगियों में उद्धव यादव, राकेश विक्रम सिंह, दीपक जैन है। प्रोडक्शन मैनेजर सरोज यादव, कॉस्ट्यूम कीर्ति शंकर का है। एग्जीबिटर और डिस्ट्रीब्यूटर लकी रंगशाही ने कहा, यह बहुत अच्छी पहल है। इस कॉन्टेस्ट से दर्शकों में जुड़ाव आएगा। जीवन में हर किसी ने 'मया के पाती' लिखी है। मैंने भी लिखी है। यूएफओ छत्तीसगढ़ इंचार्ज राकेश मिश्रा कहते हैं, ये काफी अच्छा कॉन्टेस्ट है। जिन दर्शकों के लिए फिल्म बनाई गई है, उनको सीधे तौर पर इन्वॉल्व किया जाना अच्छा कदम है।

लाइफ स्टाइल



लेस का जलवा

वसंत/गर्मियों 2025 के लिए नाजुक लेस ट्रेंड पारदर्शी, नाजुक कपड़ों की सुंदरता को दर्शाता है। वैलेंटिनो और फिलॉसफी डि लोरेंजो जैसे डिजाइनरों ने हवादार, अलौकिक पोशाक बनाने के लिए लेस का उपयोग किया है जो लालित्य और डिजाइनर के साहस को पूरी तरह से संतुलित करते हैं। यह ट्रेंड विंटेज आकर्षण को आधुनिक डिजाइन के साथ जोड़ता है।

## इस मौसम आपकी स्किन का ख्याल रखेंगे अखरोट से बने हुए स्क्रब

इन दिनों ठंड पूरी तरह से गई नहीं है और गर्मी बढ़ने लगी है। ऐसे में अक्सर हमारी स्किन डल व बेजान नजर आने लगती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि डेड स्किन सेल्स स्किन पर जमा होने लगते हैं। अक्सर लोग विंटर में स्किन को एक्सफोलिएट नहीं करते हैं। उन्हें लगता है कि इससे उनकी स्किन और भी ज्यादा रूखी हो जाएगी। जबकि ऐसा नहीं है। आप अपनी स्किन की केयर करने के लिए अखरोट का इस्तेमाल कर सकती हैं। अखरोट स्किन के लिए एक बेहतरी स्क्रब की तरह काम कर सकता है।



### अखरोट और जैतून के तेल से बनाएं स्क्रब

अखरोट एक प्राकृतिक एक्सफोलिएंट के रूप में कार्य करता है और डेड स्किन सेल्स को हटाता है। वहीं, शहद में मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं और जैतून का तेल भी आपकी स्किन को नरिश्ड करता है। सबसे पहले एक बाउल में बारीक पिसे हुए अखरोट, शहद और जैतून का तेल मिलाएं। अब नहाने से पहले इस स्क्रब को अपने चेहरे व शरीर पर लगाएं। करीबन 2-3 मिनट तक सर्कुलर मोशन में धीरे-धीरे मसाज करें। अंत में, गुनगुने पानी से धो लें। नहाने के बाद स्किन को मॉइश्चराइज करना ना भूलें।

### केले और अखरोट से बनाएं स्क्रब

आप केले और अखरोट की मदद से भी स्क्रब बना सकती है। केले में मौजूद विटामिन स्किन को पोषित करते हैं, जबकि अखरोट स्किन को एक्सफोलिएट करता है। इसी तरह, दही आपकी स्किन को सूदिंग इफेक्ट देती है।

### इस्तेमाल का तरीका-

एक बाउल में अखरोट, मसला हुआ केला और दही मिलाएं। अब तैयार स्क्रब को अपने चेहरे व शरीर पर लगाएं। सर्कुलर मोशन में कुछ मिनट तक मसाज करें। अंत में, गुनगुने पानी से धो लें। एवोकाडो विटामिन और फैटी एसिड से भरपूर होता है, जो स्किन को हाइड्रेशन प्रदान करता है। वहीं, शहद भी आपकी स्किन की नमी को बनाए रखने में मददगार है। इसलिए, यह स्क्रब विंटर के लिए काफी अच्छा है।

## रॉयल लुक के लिए साड़ी के साथ पहनें खास इयररिंग्स



रानी की तरह तैयार होना हर लड़की को पसंद होता है। इसके लिए आप अलग-अलग तरह की ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। खूबसूरत दिखना हर लड़की को पसंद होता है, खासकर रानियों की तरह तैयार होना। कई सारी लड़कियां उसी लुक के लिए एंटीक ज्वेलरी भी स्टाइल करना पसंद करती हैं, तो कुछ एक्सपेंसिव एक्सेसरीज को आउटफिट के साथ स्टाइल करती हैं। कई बार ऐसा होता है कि हम कुछ इयररिंग्स खरीदकर तो ले आते हैं लेकिन जब वियर करते हैं तो रॉयल नहीं लगते हैं। इसके लिए आप आर्टिकल में बताए गए इन इयररिंग्स डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं।



### स्टोन वर्क डैंगलर इयररिंग्स



स्टोन वर्क ज्वेलरी आजकल काफी ट्रेंड में है आप भी इस तरह की ज्वेलरी को इस बार रॉयल लुक के लिए ट्राई करें। इसमें आपको डैंगलर इयररिंग्स के काफी अच्छे और सुंदर डिजाइन मिलेंगे। जिन्हें आप साड़ी, सूट या फिर हैवी वर्क लहंगे के साथ भी वियर कर सकती हैं। इसमें एक लटकन भी आती है जिसमें सेम वर्क किया होता है। इसे भी आप वियर कर सकती हैं। वरना आप चाहे तो इसे हटा भी सकती हैं। इस तरह के इयररिंग्स आपको मार्केट में 250 से 500 रुपये में मिल जाएंगे।

### डायमंड स्टोन इयररिंग्स

रॉयल लुक जो होता है उसमें कोई भी ज्यादा हैवी ज्वेलरी रोजाना पहनना पसंद नहीं करता है। ऐसे में आप भी डायमंड स्टोन वर्क वाले इयररिंग्स (इयररिंग्स डिजाइन) को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको काफी सारे अच्छे डिजाइन मिल जाएंगे, जैसे रेड स्टोन डायमंड इयररिंग्स, ग्रीन यहां तक की पूरा ग्रे भी मिल जाएगा। जिसे आप किसी भी आउटफिट के साथ पहन सकती हैं। इस तरह के इयररिंग्स मार्केट में 500 से 1000 रुपये में मिलेंगे।

## शादी के चूड़े को इस तरह कराएं कस्टमाइज

बाजार में आपको चूड़ा कस्टमाइज कराने के लिए बहुत सारे विकल्प मिल जाएंगे। आपके लिए कुछ ऐसे ऑप्शन, जिन्हें देखकर आपको भी अपने लिए चूड़ा डिजाइन करवाने में मदद मिलेगी।



### पिंक चूड़ा डिजाइन

आजकल लहंगे के रंग के हिसाब से भी आपको मार्केट में चूड़ा मिल जाएगा। आजकल ब्राइडल लहंगों में पिंक कलर बहुत ट्रेंड कर रहा है। बाजार में आपको पिंक कलर के चूड़े में बहुत सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। आप चाहें तो इन्हें अपने हिसाब से कस्टमाइज भी करा सकती हैं। बाजार में चूड़ियों में एक नहीं कई तरह की वेराइट मिल जाएंगी। चूड़े के लिए मेटल या फाइबर की चूड़ियां बेस्ट रहती हैं। आप सिंपल या डिजाइन वाली कैसी भी चूड़ी अपने लिए चुन सकती हैं और इसके साथ आप मोती वाले डिजाइनर कड़े या फिर जरकन वाले कड़े लगा सकती हैं। यदि आपको और भी ज्यादा हैवी लुक में चूड़ा चाहिए तो पिंक के साथ आप मल्टी कलर वाले कुंदन और स्टोन वर्क से सजे ब्रॉड कड़े क्लब कर सकती हैं। यदि आप सिंपल लुक चाहती हैं, तो वेल्वेट कोटिंग वाली चूड़ियों के साथ जरकन के कड़े और चूड़ियां पेयर अप कर सकती हैं।

### लटकन वाला चूडा सेट

लटकन वाले चूड़ी सेट का फैशन नया नहीं है, मगर इसमें आपको ढेरों वेराइटी देखने को मिलेंगी। आप इस तरह का चूड़ा सेट भी बनवा सकती हैं। इसमें आपको झुमका लटकन, झालर लटकन और वॉटर ड्रॉप लटकन आदि मिल जाएंगे। लटकन वाले चूड़ा सेट के साथ आप फाइबर और मेटल की सिंपल चूड़ियों या जरी वर्क वाली चूड़ियों को क्लब कर सकती हैं। इस तरह के चूड़ा सेट में आप बीच-बीच में चूड़ी और डिजाइनर लुक वाले कड़े लगवा सकती हैं। इस बात का ध्यान रखें कि बहुत ज्यादा हैवी वेट वाले कड़े न कैरी करें, वरना आपको हाथों के मूवमेंट में दिक्कत हो सकती है।

## दुपट्टा नहीं पहनना है तो अपना सकती हैं खास डिजाइन

स्टाइलिश दिखने के लिए आपको सूट की स्टाइलिंग बॉडी के टाइप के अनुसार ही करनी चाहिए। इसके लिए लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को फॉलो कर सकते हैं। बदलते दौर में भी सलवार-सूट को काफी पसंद किया जाता है। इसमें रेडीमेड से लेकर आपको कस्टमाइज्ड लुक में भी सूट के काफी डिजाइन मिल जाएंगे। आजकल की बात करें तो मॉडर्न स्टाइलिंग को काफी पसंद किया जाने लगा है। आजकल बिना दुपट्टे के सलवार-सूट को पहनना बेहद पसंद किया जा रहा है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं सलवार-सूट के खास डिजाइंस जिन्हें आप बिना दुपट्टे के भी पहन सकती हैं। साथ ही बताएंगे इन लुक्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स-

### सिल्क लूज सूट

आजकल पाकिस्तानी स्टाइल सिंपल और लूज सूट को काफी पसंद किया जा रहा है। इस प्लेन सूट को डिजाइनर ब्रांड मिसरी बाय मेघना नय्यर द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके का सूट आप चंदेरी सिल्क फैब्रिक खरीदकर किनारी लेस लगवाकर स्टाइलिश बना सकती हैं।

### लेस डिजाइन सूट

लेस में आजकल गोटा-पट्टी वर्क को काफी पसंद किया जा रहा है और इसके कई रेडीमेड डिजाइंस आपको ऑनलाइन देखने को आसानी से मिल जाएंगे। इस तरह का सूट आप प्रिंटेड फैब्रिक लेकर भी बनवा सकती हैं।



कार्नर न्यूज

**बनाइए अपनी वार्डरोब का हिस्सा, हर मौके पर लगेंगे खास**

## मेंस सूट में चाहिए स्टाइल तो अपनाइए इन कलर्स को, आपके जलवे दिखेंगे महफिल में हर तरफ

मेंस स्टाइल में सूट ऐसा अटायर है, जिसके बिना मेंस वार्डरोब अधूरी है। ऑफिस की पार्टी हो या दोस्त की शादी, सूट ऐसा पहनावा है जिसको पहनकर स्मार्टनेस आना तय है। कुछ लोग तो सूट पहनने के इतने शौकीन होते हैं कि वे सूट का दमदार कलेक्शन रखते हैं। सूट की लोकप्रियता को देखते हुए बाजार में भी अब पहले की तरह ब्लैक या व्हाइट सूट ही नहीं मिलते। अब तो हरे, पिंक और यलो कलर तक के सूट बाजार में मिल रहे हैं। लेकिन सवाल यह है कि आप सूट के किन कलर्स को प्रायोरिटी दें। इसके लिए आपको उन कलर का सिलेक्शन करना है, जो वर्सेटाइल एवरग्रीन हों और किसी भी फंक्शन में रंग जमा दें। अगर आप भी सूट के कलर का सिलेक्शन करने में कन्फ्यूज हैं तो परेशान न हो। आज हम आपको बताते हैं सूट के क्लासिक कलर के बारे में।



### नेवी ब्लू है एवरग्रीन

सूट के कलर्स में नेवी ब्लू को एवरग्रीन कलर माना जाता है। सूट का ये कलर वर्ल्ड वाइड सबसे ज्यादा फेवरेट है। सूट के बड़े-बड़े स्टोर भले ही किसी कलर को बल्क में रखें या न रखें, लेकिन इसे तो बिल्कुल रखते हैं। नेवी ब्लू कलर सिंपल और स्टेट फार्वर्ड है। इसे एक जेंटलमैन कलर भी कह सकते हैं। नेवी ब्लू कोट-पेंट के साथ जरूरी नहीं कि आप ज्यादा महंगी शर्ट पहनें। यह कलर इतना कंपलीट और डोमिनेटिंग है कि इसके साथ कोई भी सिंपल मोनोक्रोम कलर की शर्ट पहन सकते हैं। वी-शेप बॉडी के ऊपर नेवी ब्लू कलर क्लासी लगता है। कारण है बॉडी के हिसाब से सूट की फिटिंग। फिट बॉडी और सूट की फिटिंग, दोनों ही बॉडी शेप को उभारते हैं। नेवी ब्लू कलर में एक खासियत और है, वो ये कि यह कलर आपकी उम्र कम यानी आपको यंग दिखाता है।

### चारकोल ग्रे सूट

चारकोल ग्रे और नेवी ब्लू कलर में पहले कॉम्पिटीशन था कि पसंद के मामले में पहले पायदान पर कौन है। बाजी भले ही नेवी ब्लू ने मारी हो लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि चारकोल ग्रे किसी मामले में कमतर है। नेवी ब्लू के बाद सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला कलर चारकोल ग्रे ही है। वैसे ये कलर हर एज ग्रुप के लड़कों पर अच्छा लगता है। लेकिन अगर आप यंग है और अपनी पर्सनैलिटी को सीरियस दिखाना चाहते हैं तो यह कलर बेस्ट है। चारकोल ग्रे ईजी टू मैच है। इसके साथ आप किसी भी कलर, किसी भी पैटर्न और किसी भी फैब्रिक की शर्ट पहन सकते हैं। जब बात फार्मल क्लोथिंग की हो तो चारकोल ग्रे बेस्ट ऑप्शन है। इसे आप ऑफिशियल-नॉन आफिशियल मीटिंग्स या किसी फैमिली फंक्शन में कैरी कर सकते हैं।



### कैम्ब्रिज ग्रे या मीडियम ग्रे

ग्रे कलर में कई ऑप्शन हैं। इसका एक शेड कैमब्रिज भी है। कैमब्रिज ग्रे, चारकोल ग्रे से थोड़ा हल्का होता है। लेकिन दिखने में यह भी चारकोल ग्रे जैसा ही स्टाइलिश है। अगर आप कैमब्रिज ग्रे सूट पहनते हैं तो यह चारकोल ग्रे शेड से एक दो प्वाइंट हल्का ही रहेगा।